● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 335, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार , 24 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक परियोजना का नाम बदला 5

अभिषेक शर्मा ने लगाये सबसे अधिक छक्के 6

## भोपाल देश का दिल है, इसका तेजी से होगा विकास : डॉ. यादव

### डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा भोपाल का नव निर्मित फ्लाई-ओवर

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज भोपाल को मिली 154 करोड़ रूपये की लागत के फ्लाई-ओवर की सौगात नगर के विकास को गति देगी। यह नव निर्मित फ्लाई-ओवर हमारे महान देशभक्त और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि भोपाल, देश का दिल है। यह देश की सुंदरतम राजधानी है। वर्ष 1956 में जब मध्यप्रदेश का गठन हुआ था, उस समय भोपाल एक छोटा सा गांव था। लंबे समय तक इसका विकास रुका रहा। हमारी सरकारों ने इसका विकास किया। अब भोपाल का तेज गति से विकास किया जाएगा। तीन किलोमीटर लंबा नव निर्मित फ्लाई-ओवर गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सुयोग है कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर



इसका लोकार्पण हो रहा है। यह पुल एक और नेताजी सुभाष चंद्र सेतु और दूसरी ओर वीर सावरकर सेतु को मिलाएगा। बड़ी चुनौतियों के बीच इस ब्रिज का निर्माण हुआ है, इसके लिए लोक निर्माण मंत्री और उनका विभाग बधाई के पात्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बावड़िया-कलां क्षेत्र में आवागमन की सुविधा की दृष्टि से 180 करोड रुपए की लागत से फ्लाई-ओवर बनाए जाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द बैरागढ़ ब्रिज का भी लोकार्पण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को भोपाल में 3 किलोमीटर लंबे नव निर्मित फ्लाई-ओवर ब्रिज का लोकार्पण कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पुल के बन जाने से ओबेदुल्लागंज, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा और जबलपुर मार्ग पर यातायात सुगम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज हमारे महान देशभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है, उन्हें हम हृदय से नमन करते हैं। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अंग्रेजों को चुनौती दी और स्वतंत्रता संग्राम को नई राह दिखाई। वर्ष 1923 में उन्होंने अंग्रेजों की आईसीएस परीक्षा प्रवीण्य सूची में उत्तीर्ण की, परंतु उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी करने के स्थान पर देशभक्ति का मार्ग चुना। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव सर्वाधिक मतों से जीता।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने समानता की लड़ाई लड़ी। संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, उन्होंने धारा 370 का विरोध किया था। हम उनकी स्मृति में पंच तीर्थ उनके जन्म स्थान, दीक्षा स्थल, कर्मभूमि, शिक्षा स्थल और जहां उन्होंने शरीर त्याग किया वहां तीर्थ स्थल विकसित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई, रानी दुर्गावती और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसी महान वीरांगनाओं ने देश का गौरव बढ़ाया है। हमारी सरकार ने महिला सशक्तिकरण नीति बनाई है, जिसे शीघ्र लागू किया जायेगा। हमारी सरकार महिलाओं, युवा, किसान और गरीबों के कल्याण के लिए मिशन चला रही है। हम निरंतर बहनों की बेहतरी के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार महिला, युवा, किसान और गरीबों के कल्याण के लिये मिशन चला रही है। इनकी बेहतरी के लिये योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिये चौतरफा प्रयास किये जा रहे हैं। हाल ही में पूणे में आयोजित निवेशकों के सम्मेलन में अनेक उद्योगपतियों ने प्रदेश में निवेश की सहमति दी है। पूणे के उद्योगपति भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न अंचलों की नैसर्गिक सुंदरता से भी काफी प्रभावित हैं।

## विकसित भारत के लिए एकजुट रहें

### नेताजी की जयंती पर पीएम मोदी ने आमजन से किया आह्वान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोगों से विकसित भारत के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया और देश को कमजोर करने और इसकी एकता को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों के खिलाफ चेतावनी दी। सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य में कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी का जीवन लोगों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है।

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि नेताजी ने आराम के दायरे से बाहर निकलकर देश की आजादी के लिए संघर्ष करना पसंद किया। पीएम ने आगे कहा, %वे कभी भी आराम के दायरे में नहीं फंसे। इसी तरह, हम सभी को एक विकसित भारत बनाने के लिए अपने आराम के दायरे से बाहर निकलना होगा। हमें खुद को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बनाना होगा। हमें उत्कृष्टता को चुनना होगा और दक्षता पर ध्यान





केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि बोस देश के स्वराज (स्वशासन) पर पूरी तरह केंद्रित थे और कई पृष्ठभूमि के लोग इस उद्देश्य के लिए एकजुट हुए। उन्होंने कहा, अब हमें विकसित भारत के लिए एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को भारत की एकता के लिए बोस के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, %हमें उन लोगों से सावधान रहना होगा जो देश को कमजोर करना चाहते हैं और इसकी एकता को तोड़ना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने बोस के नाम पर अंडमान में द्वीपों का नामकरण, इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा स्थापित करना और उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाना जैसे कई फैसलों का हवाला दिया, जो उनकी विरासत को बढ़ावा देने के लिए उनके काम पर जोर देने के लिए उनकी सरकार की तरफ से लिए गए थे।

उन्होंने कहा कि बोस को भारत की विरासत पर गर्व था। उन्होंने कहा कि विकास की तेज गति लोगों की प्रगति, सशस्त्र बलों को मजबूत करने और समग्र विकास के साथ-साथ चलती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, आधुनिक बुनियादी ढांचे का भी निर्माण किया जा रहा है और सशस्त्र बलों की ताकत अभूतपूर्व तरीके से बढ़ी है।

## दिल्ली को असली विकास मॉडल की जरूरत : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि दिल्लीकी जनता को अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का असली विकास मॉडल की जरूरत है, न कि पीएम मोदी और अरविंद केजरीवाल के झूठे प्रचार का मॉडल की।

राहुल गांधी ने फेसबुक पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को उठाने वाला एक वीडियो साझा किया। राहुल ने हिंदी में अपने फेसबुक पोस्ट में



कहा, खराब निर्माण, गंदगी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार - दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है। दिल्ली अब मोदी और केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल नहीं, शीला दीक्षित जी का वही सच्चा विकास मॉडल मांग रही है।

इससे पहले राहुल गांधी अस्वस्थ होने के चलते बुधवार को दिल्ली के सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में अपनी प्रस्तावित जनसभा को संबोधित नहीं कर सके थे। इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के निकट प्रस्तावित इस जनसभा राहुल शामिल नहीं हो पाए थे। राहुल के रैली में शामिल न होने पर देवेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए कहा था, राहुल जी तबियत खराब होने के कारण यहां नहीं पहुंच सकेंगे।

वहीं इस महीने की शुरुआत में राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला करते हुए कहा था कि दोनों नेताओं में कोई अंतर नहीं है और वे नहीं चाहते कि पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका हक मिले।

## आप ने तोड़ दिए घोटाले के सारे रिकॉर्ड : नड्डा

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव को लेकर राजधानी में रैलियों का दौर चरम पर है। इस कड़ी में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने उत्तम नगर से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी पवन शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इसमें उन्होंने मौजूद दिल्ली सरकार पर जमकर हमला बोला और कई आरोप लगाए। नड्डा ने संबोधन शुरू करते हुए कहा, मैं आज यहां जो आप सभी में जोश, उमंग और उत्साह देख रहा हूं, उससे स्पष्ट हो रहा है कि आपने कमल खिलाने का संकल्प ले लिया है। इसके साथ ही आपने आम आदमी पार्टी को उखाड़ फेंकने का भी संकल्प ले लिया है।

## लोकतंत्र का मंदिर अब कुश्ती का मैदान बन गया : धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि न्यायपालिका तक पहुंच को हथियार बनाया जा रहा है, यह भारत के शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थाएं अपने अधिकार क्षेत्र में काम नहीं कर रही हैं। उपराष्ट्रपति बुधवार को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेटिक लीडरशिप के छात्रों को संबोधित कर रहे थे। संसद में व्यवधानों पर धनखड़ ने कहा कि एक समय लोकतंत्र का मंदिर रहा सदन अब कुश्ती का मैदान बन गया है। लोग मर्यादा शब्द भूल गए हैं और अब गरिमा की कोई अवधारणा नहीं रह गई है।



उन्होंने कहा, देश में हमारे पास एक मौलिक अधिकार है, और अधिकार यह है कि हम न्यायपालिका तक पहुंच सकते हैं। यह एक मौलिक अधिकार है, लेकिन पिछले कुछ दशकों में न्यायपालिका तक पहुंच को हथियार बना लिया गया है... यह हमारे शासन, हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक बड़ी चुनौती है।धनखड़ का मानना है कि संस्थाएं अन्य संस्थाओं के सामने झुक रही हैं, और ऐसा सुविधा के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, खुश करने के ये तरीके अल्पकालिक लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन लंबे समय में ये संस्थानों के आंतरिक तंत्र को ऐसी क्षति पहुंचा सकते हैं, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, इससे अल्पकालिक लाभ तो मिल सकता है, लेकिन दीर्घावधि में ये रीढ़ की हड्डी को अपूरणीय क्षति पहुंचाते हैं। संसद में व्हिप के प्रावधान पर सवाल उठाते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, व्हिप क्यों होना चाहिए। व्हिप का मतलब है कि आप अभिव्यक्ति पर अंकुश लगा रहे हैं। आप स्वतंत्रता पर अंकुश लगा रहे हैं।

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सुशासन और समाज कल्याण के पथ पर अग्रसर राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन एक बार फिर से इतिहास में दर्ज होने वाला है। मध्यप्रदेश शासन की केबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक लोकमाता देवी अहिल्याबाई की पावन नगरी महेश्वर में होने जा रही है। अपने शासनकाल में देवी अहिल्या बाई होल्कर ने सुशासन के अविश्वसनीय और अद्भुत आदर्श स्थापित किये। उन्होंने अपने राज्य में सुशासन के साथ ही न्याय, शिक्षा, समाज कल्याण, धर्म कल्याण, जल संरक्षण और संवर्धन आदि जनहित से जुड़े विषयों पर अद्भुत कार्य कर एक आदर्श स्थापित किया।

## सद्भाव और एकता का सशक्त संदेश देता है महाकुंभ : शाह



**अहमदाबाद।** महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। इस आयोजन में देश-विदेश से साधु-संत और श्रद्धालु पवित्र नदी में स्नान के लिए एकत्र हो रहे हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस आध्यात्मिक आयोजन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य आयोजन महाकुंभ से अधिक सद्भाव और एकता का संदेश नहीं देता है। इस दौरान शाह ने पुष्टि की कि वह 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में आएंगे। वे गुजरात विश्वविद्यालय के मैदान में हिंदू आध्यात्मिक और सेवा मेले का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। यहां बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिस पैमाने पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया गया है, उसे देखकर दुनिया भर के लोग आश्चर्यचकित हैं।

## ग्रामीणों ने पुलिस को घेर किया पथराव, नीमच में आधी रात हंगामा

**नीमच।** मध्य प्रदेश के नीमच जिले में मादक पदार्थ तस्करी (एनडीपीएस) के मामले में जांच करने पहुंची पुलिस टीम को ग्रामीणों ने घेर लिया। ग्रामीणों का कहना है पुलिस ने 30 किलो डोडाचूरा की जगह 60 किलो डोडाचूरा का फर्जी केस बनाया है। झूठा केस दर्ज करने का विरोध कर रहे ग्रामीण एसपी अंकित जायसवाल को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। सूचना पर मनासा विधायक अनिरुद्ध मारू और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे, उन्होंने ग्रामीणों को





समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। इसी बीच ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया, जेसीबी से गाड़ियों को रास्ता रोक लिया। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर आंसू गैस के गोले छोड़े और पुलिस की गाड़ियों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर वहां से निकले। जानकारी के अनुसार, नीमच जिले की सिंगोली थाना पुलिस ने बीते सोमवार को मनासा थाना क्षेत्र के ग्राम चौकड़ी में रहने वाले नीलेश पिता श्यामलाल (24) को 54 किलो डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच के लिए सिंगोली थाना पुलिस की टीम चौकड़ी गांव पहुंची थी। जैसे ही टीम गांव में घुसी, ग्रामीणों ने पुलिस के वाहनों को घेर लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने नीलेश के पास से मात्र 30 किलो डोडाचूरा जब्त किया था, जबकि 54 किलो का फर्जी केस बनाया है। उन्होंने पुलिस पर मादक पदार्थ तस्करी के फर्जी केस बनाकर अवैध वसूली के भी आरोप लगाए।

## आप ने यमुना को गंदे नाले में बदल दिया : योगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चुनावी मैदान में अब यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उतर चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को किराड़ी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी बजरंग शुक्ला के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। योगी ने आप सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने यमुना को गंदे नाले में बदल दिया। मेरी पूरी कैबिनेट में कुंभ में डुबकी लगाई। क्या केजरीवाल की कैबिनेट यमुना में स्नान कर सकती है? उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के चलते आज मुझे यहां आने का अवसर मिला है, आज मुझे नजदीक से यहां की सड़कों को देखने का अवसर मिल रहा है। मैं कल ही प्रयागराज से लखनऊ आया हूं, इस सदी का पहला महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में भव्यता से हो रहा है।

योगी ने कहा कि आप अनुमान करिए कि 13 जनवरी से पौष पूर्णिमा से आज तक इन 10 दिनों में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी के संगम में पावन स्नान किया है।

## केजरीवाल ने किया युवाओं को लेकर बड़ा एलान

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने युवाओं के लिए एक और बड़ा एलान किया है। मतदान के लिए युवाओं को रिझाने के लिए आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनावी गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार बनने के बाद अगले पांच साल में सबसे बड़ी प्राथमिकता युवाओं के लिए रोजगार और नौकरी पैदा करना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, मेट्रो और सीवर के क्षेत्र में काम जारी रखने के साथ युवाओं के लिए रोजगार का इंतजाम भी करेंगे। उन्होंने कहा कि आप के पास पढ़े-लिखे लोगों की एक अच्छी टीम है, जो दिल्ली के बच्चों को रोजगार दिलाने के प्लान पर काम कर रही है।

## अहिंसा के विचार की रक्षा करने के लिए कभी-कभी हिंसा जरूरी



**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी गुजरात यूनिवर्सिटी में आयोजित हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेला के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि अहिंसा के विचार की रक्षा के लिए कभी-कभी हिंसा आवश्यक होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को शांति के रास्ते पर सभी को साथ लेकर चलना होगा।

समारोह को संबोधित करते हुए भैयाजी जोशी ने कहा, हिंदू अपने धर्म की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं। अपने धर्म की रक्षा के लिए हमें वे काम करने होंगे जिसे दूसरे लोग अधर्म करार देते हैं। ऐसे काम हमारे पूर्वजों ने किए थे। महाभारत के युद्ध का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पांडवों ने अधर्म को खत्म करने के लिए युद्ध के नियमों को ताक पर रख दिया था। भैयाजी जोशी ने कहा, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हिंदू धर्म में अहिंसा के तत्व समाहित है। कभी-कभी हमें हमें अहिंसा के विचार की रक्षा के लिए हिंसा का मार्ग अपनाना पड़ता है। नहीं तो अहिंसा के विचारों की रक्षा नहीं हो सकती। हमारे महान पूर्वजों ने हमें यह संदेश दिया है।

## महाकुंभ में अब तक करीब दस करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

**प्रयागराज।** महाकुंभ में दस दिनों में अब तक करीब 10 करोड़ ( 9.73) करोड़ श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। महाकुंभ का स्नान 13 जनवरी पौष पूर्णिमा के साथ शुरू हुआ है। दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर साढ़े तीन करोड़ से अधिक भक्तों ने संगम में डुबकी लगाई थी। 22 जनवरी को करीब तीस लाख भक्तों ने स्नान किया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के अलावा 20 लाख श्रद्धालु शामिल रहे। 22 जनवरी तक नौ करोड़ 73 लाख श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं।

मौनी अमावस्या 29 जनवरी को है। यह सबसे बड़ा स्नान पर्व माना जाता है। अमावस्या पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार मौनी



अमावस्या पर करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है।

महाकुंभ नगर में 29 जनवरी को होने जा रहे मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए 10 करोड़ लोगों के पावन त्रिवेणी के तट पर पहुंचने का अनुमान है। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का अमृत स्नान होगा। मेला प्रशासन के दावे के मुताबिक इस स्नान पर्व में 7 से 10 करोड़ के बीच श्रद्धालुओं और पर्यटकों के महाकुंभ पहुंचने का अनुमान है, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन के साथ साथ साधु संतों के शिविरों में भी इस पावन अवसर पर अमृत स्नान के लिए आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है।

श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि बताते हैं कि अकेले उनके शिविर में इस पुण्य पर्व पर फ्रांस, इटली, जापान और रूस से पांच हजार से अधिक विदेशी भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। पायलट बाबा के ये सभी भक्त 24 जनवरी से पहुंचने लगेंगे।

मौनी अमावस्या पर्व पर होने वाली करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने कमर कस ली है। प्रयागराज रेलवे मंडल की ओर से हर चार मिनट पर एक ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है।महाकुंभ 2025 की प्रयागराज में शुरुआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हो गई है। मकर संक्रांति के दिन महाकुंभ के पहले अमृत स्नान पर्व पर उम्मीद से अधिक लगभग 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया था।

अब तक नौ करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं। इसी क्रम में महाकुंभ के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिए तैयारियां पूरे जोर पर हैं। प्रयागराज रेल मंडल ने भी मौनी अमावस्या के दिन करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की है। दिव्य-भव्य महाकुंभ 2025 में प्रयागराज आकर संगम स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मकर संक्रांति के पहले अमृत स्नान के दिन लगभग 3.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया, जिनके लिए प्रयागराज रेल मंडल ने 101 मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई थीं।

# दिन में रैकी कर रात को करते थे चोरी, पांच आरोपी गिरफ्तार

## कोतवाली बैढ़न की 10 बड़ी चोरियों का खुलासा, करीबन 19 लाख रुपये का मशरुका जप्त

**सिंगरौली।** कोतवाली थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों का खुलासा पुलिस कप्तान मनीष खत्री के द्वारा आज गुरुवार को किया गया। जहां खुलासा करते हुए पुलिस कप्तान ने बताया कि चोर दिन में रेकी कर रात को चोरी करते थे जहां 10 बड़ी चोरियों का खुलासा करते हुए चोरों के पास से 19 लाख रुपए का मशरूका जप्त करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



जानकारी मे बताया गया कि बीते 17 जनवरी को फरियादी शिवप्रसाद मिश्रा पिता गोपाल शरण मिश्रा उम्र 38 वर्ष निवासी पचखोरा द्वारा रिपोर्ट की गई कि 15 जनवरी को वह अपने घर में ताला लगाकर बनारस चले गये थे जब 17 जनवरी को बापस आकर देखा तो घर का ताला टूटा व आलमारी का लाक टूटा था, आलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण और नगदी 3100 रूपए नही था, कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बैढ़न में अप.क्र. 63/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।शहर में हो रही चोरियों को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सिंगरौली मनीष खत्री द्वारा गंभीरता से लेते हुये आरोपियों की त्वरित पतासाजी के निर्देश दिये। उक्त निर्देश के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक सिंगरौली शिवकुमार वर्मा के मार्ग दर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर पीएस परस्ते के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली बैढ़न निरी.अशोक सिंह परिहार व पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया और मौके पर जाकर जांच कार्यवाही की गई । विभिन्न सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सहायता व आसूचना संकलन से संदेहियों की पहचान सुनिश्चित की गई। उसके उपरांत 22 जनवरी को आरोपी अनुज प्रताप दुबे उर्फ पेशी पिता स्व. चन्द्रिका राम दुबे उम्र 50 वर्ष निवासी गडहरा,रामजी बसोर पिता बलबीर बसोर उम्र 26 वर्ष निवासी बाघाडीह थाना बरगवां, रामधारी बसोर पिता महिपाल बसोर उम्र 30 वर्ष निवासी बाघाडीह थाना बरगवां,सुरेश सोनी पिता सियाराम सोनी उम्र 48 वर्ष सा. नौगई थाना बैढ़न,कृष्णाराम सोनी पिता घासीराम सोनी उम्र 58 वर्ष निवासी बाघाडीह थाना बरगवां को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियो से और भी महत्वपूर्ण सुराग मिले है, की तस्दीक की जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। 17 जनवरी को ग्राम पचखोरा में चोरी करने वाले अज्ञात आरोपियों की पता तलाश के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं शहर के मुख्य मार्गों में लगे पुलिस कंट्रोल रूम के सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त हुलिया एवं पूर्व की चोरियों का तरीका वारदात एक समान होने के आधार पर विभिन्न सीसीटीवी कैमरों को देखने पर संदेहियों का हुलिया प्राप्त कर उसी हुलिया के आधार पर पुलिसिया आसूचना तंत्र की सक्रियता एवं तकनीकी सहयोग से आरोपियों तक पहुचा गया। कुल जप्त मशरुका मे 176 ग्राम सोने के जेवरात व सिक्के व 3 किलो चांदी । घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकल।घटना को कारित करने हेतु इस्तेमाल किये गये हथियार सब्बल संख्या 2, कुल कीमत 19 लाख रुपये जप्त किया गया ।

### चर्चित चोरी मे पुलिस का झोल

खुलासे मे पुलिस ने बताया कि सुधान्शु कुमार शाह निवासी नौगढ़,छत्रपति सिंह निवासी पुलिस लाईन पचौर, भास्कर मिश्रा निवासी पचखोरा,वंशपति प्रसाद शर्मा निवासी पचखोरा, राजेन्द्र प्रताप सिंह दुबे निवासी पचखोरा, गंगोत्री पनिका निवासी पचौर, रामानुज चौधरी निवासी डीएव्ही रोड बैढ़न,पूजा जाटव निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी पचखोरा, रचना सिंह पति अमित सिंह चौहान निवासी बिलौजी तेलियान के घर में सोने चांदी के गहने एवं नगदी 80000 रूपए चोरी करना। शिवप्रसाद मिश्रा निवासी पचखोरा के घर में सोने चांदी के गहने एवं नगदी 3100 रूपए चोरी करना स्वीकार किया।

### ऐसे देते थे घटनाओं क़ो अंजाम

सूने घरों को निशाना बनाते थे व एक घर क़ी 3-4 बार घूम - घूम कर रैकी करते थे व बड़े सूने ताला बंद घरों को निशाना बनाते थे। प्राय: घटनास्थल के सामने से तेजी से गुजरते हैं और कनकी निगाहों से देखते थे। चिन्हित घर की घटना कारित करने के ठीक पहले तक रात 12.00 बजे तक भी रैकी करते थे। घटनास्थल से थोड़ी दूर जाकर या बगल से सूने घर की अच्छी से रैकी करते हैं, देखते थे।घटनास्थल रवाना होने से पूर्व अपने मोबाइल या तो स्विच ऑफ कर लेते हैं या फ्लाइट मोड में डालते हैं।मोबाइल का इस्तेमाल सिर्फ टॉर्च के रूप में करते हैं। अलमारी आदि क़ो धीरे से जमीन पर लिटाते हैं और सब्बल और हथोड़े क़ी मदद से अलमारी के दरवाजों के बीच सब्बल फसाकर खोल देते है। आलमारी की आवाज से बचने के लिये उसके नीचे गद्दा या तकिया का इस्तेमाल करते है।घटना में एक आरोपी रामजी बसोर घटना करने वाले दो अन्य आरोपियों अनुज उर्फ पेशी दुबे और रामधारी बसोर को घटनास्थल वाले क्षेत्र में मोटरसायकल से छोड़ता था और घटना के बाद घटनास्थल से दूर पहले से चिन्हित स्थान से मोटरसायकल में बिठाकर ले जाता था। आरोपी रामजी बसोर इस घटना में लाजिस्टिक सपोर्ट देता था। गैंग का मुख्य सरगना अनुज उर्फ पेशी दुबे निवासी निवासी गड़हरा, अपने साथियों के साथ रैकी करता था।

# पुलिस ने गुमसुदा महिला को दस्तयाब कर सकुशल परिजनों को किया सुपुर्द



**सिंगरौली**

मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आशीष जैन एसडीओपी चितरंगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गढ़वा अनिल कुमार पटेल के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नौडीहवा के द्वारा गुमसुदा महिला को दस्तयाब किया गया।

जानकारी मे बताया गया कि बीते 3 अगस्त 23 को सूचनाकर्ता राजेश (परिवर्तित नाम) उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम खैडार पुलिस चौकी नौडिहवा थाना गढ़वा का चौकी उपस्थित आकर अपनी (देविका परिवर्तित नाम) पत्नी के घर से बिना बताये कही चले जाने व गुम हो जाने के संबंध में रिपोर्ट लेख कराया था जिसकी रिपोर्ट पर गुम इंसान क्र. 32/23 कायय कर जाँच में लिया गया कायम कर जाँच में लिया गया तथा दौरान जांच के गुमसुदा का पता तलाश किया गया जो दिनांक 23/01/25 को गुमसुदा को ग्राम गोपला से दस्तायब कर सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही मे उनि उदय चन्द्र करीहार चौकी प्रभारी नौडिहवा, सउनि रमेश प्रसाद साकेत, प्रआर फूल सिंह, प्रआर धीरेन्द्र पटेल आर. राजेश मिश्रा एवं आर राजा का सराहनीय योगदान रहा है।

# गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे कलेक्टर

## गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि करेंगे ध्वजा रोहण लेगे परेड की सलामी

**सिंगरौली।** 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा जिला स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे एवं प्रदेश की जानता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे । विदित हो कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन राजमाता चुकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित होगा । इसमें मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा साथ ही राष्ट्रीय गान एवं परेड का निरीक्षण पश्चात । मुख्य अतिथि द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाएगा । कार्यक्रम के दौरान मार्चपस्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही विकास से संबंधित विभाग विभागों की झांकियों का प्रदर्शन होगा एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचरियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# लोक तंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन गणतंत्र दिवस की संध्या पर

**सिंगरौली।** 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोक तंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन अटल बिहारी सामुदायिक भवन बिलौंजी बैढ़न में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान बुंदेली लोक गीत के गायक मिठाईलाल चक्रवर्ती जबलपुर एवं उनके साथी कलाकारों के द्वारा बुंदेली लोक गीत की धूम मचाएंगे। वहीं घसिया गुदुमबाजा लोकनृत्य चंद्रकांत पांडे एवं उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मनमुग्ध करेंगे।

# रवि विपणन हेतु पंजीयन, उपार्जन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने आदेश जारी कर रवि विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसानो के पंजीयन, उपार्जन, पर्यवेक्षक, स्कंध की गुणवत्ता, उपार्जन संबंधी समस्त विवादों के अंतिम निराकरण उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता की निगरानी तथा उपार्जन से संबंधित अन्य विषयों पर निर्णय लेने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर डॉ केदार सिंह अध्यक्ष एवं जिला आपूर्ति नियंत्रक समिति के सदस्य/सचिव होंगे। इसी प्रकार उपसंचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला सूचना अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला लीड बैंक अधिकारी, अधीक्षक भू अभिलेख, जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लिमिटेड, जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन लिमिटेड, जिला विपणन अधिकारी, सचिव कृषि उपज मंडी जिला स्तरीय समिति के सदस्य होंगे।

# पंद्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को

**सिंगरौली।** पंद्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को प्रात: 11 बजे जिला स्तरीय समारोह का आयोजन पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बैढ़न में आयोजित होगा। वहीं जिले के सभी उपखंडों के मतदान केंद्रों में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा युवा मतदाताओं को एपिक कार्ड का वितरण के साथ साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र के साथ ही मतदाता की शपथ दिलाई जाएगी ।

# शाउमा विद्यालय जयंत में सृजन कार्यक्रम आयोजित

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय भोपाल की सामुदायिक पुलिसिंग योजना के अंतर्गत एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन महिला सुरक्षा शाखा सिंगरौली द्वारा आज सोमवार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयंत में विशेष जागरूकता कार्यक्रम सृजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों,पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम, साइबर फ्राड और गुड टच बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और डायल 100 के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई और आपात स्थिति में इन नंबरों पर संपर्क करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा शाखा की उप निरीक्षक प्रीति साकेत, सउनि अशोक सिंह तोमर, महिला आरक्षक सीआईडी पूर्वा पचौरी, चौकी जयंत से सउनि श्याम बिहारी द्विवेदी, आर. महेश पटेल और विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# 26 जनवरी को बच्चों के साथ विशेष मध्यान्ह भोज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटार में

**सिंगरौली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटार में विद्यार्थियों के साथ गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला एवं जनप्रतिनिधि गण सामूहिक भोज करेंगे । उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए है।

# गुम बालको को बरका चौकी पुलिस ने किया दस्तयाब

**सिंगरौली ।** बरका चौकी पुलिस आपरेशन मुस्कान के तहत तीन व छः माह से गुम बालको को दस्तयाब कर परिजनों को सुपूर्द कर दिया है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में बरका चौकी प्रभारी संदीप नामदेव ने की है। चौकी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सरई में फरियादी लालबहादुर सिंह निवासी धौहनी का अपने भतीजा मोहन सिंह के गुमने एवं फरियादी रामलखन साकेत निवासी सर्राटोला अपने लडक़ा मनधारी साकेत के गुमने की सूचना दिये थे। सूचना पर पुलिस गुमशुदा कायम कर विवेचना में ले लिया था। जहां 19 जनवरी को 6 माह से गुमशुदा बालक मोहन सिंह पिता शिवनारायण सिंह को गजराबहरा व 20 जनवरी को को 3 माह से गुमशुदा बालक मनधारी साकेत पिता रामलखन साकेत को रामनगर कला जिला सीधी से दस्तयाब कर परिजनों को सुपूर्द कर दिया है। उक्त कारवाही में उप निरी. संदीप नामदेव, एस के सोनवानी,प्रआर माधव प्रताप सिंह,पुष्पराज सिंह, आर जितेन्द्र अहिरवार, अभिषेक पाण्डेय, फत्ते बहादुर सिंह, मनीष ठाकुर जुझार मीणा की भूमिका रही।

# ग्राम सभाओं के आयोजन संबंधी पत्र जारी

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री अंजली रमेश ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जिला शहडोल को पत्र जारी किया है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 24 जनवरी से 28 जनवरी 2025 तक ग्राम पंचायत में ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाए ।

# गेहूं के उपार्जन एवं पंजीयन हेतु अनुविभाग स्तर पर उपार्जन समिति गठित

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने आदेश जारी कर रवि विपणन वर्ष 2025 26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन एवं पंजीयन हेतु जिले के समस्त अनुविभाग में उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया है। उपार्जन समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अध्यक्ष एवं सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को सदस्य/सचिव नियुक्त किया है। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी कृषि, सहकारिता विस्तार अधिकारी, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, गोदाम प्रभारी एमपीएससीएससी, गोदाम प्रभारी एमपीडब्ल्यूएलसी एवं सचिव कृषि उपज मंडी समिति के सदस्य होंगे।

# ग्राम पंचायत भर्री एवं पथरवार में आनंद उत्सव का किया गया आयोजन

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आनंद उत्सव के तहत शहडोल जिले के ग्राम पंचायत भर्री एवं पथरवार में आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। आनंद उत्सव के आयोजन में ग्रामीणों ने वॉलीबॉल खेल का आयोजन किया तथा आनंद एवं उत्साह के साथ वॉलीबॉल खेल खेला।

# नगर निगम आयुक्त ने किया पार्कों का निरीक्षण



## जल नल कनेक्शन की कार्यवाही

**सिंगरौली।** नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा ने गुरुवार सुबह पार्कों का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सत्या होटल के सामने के नाले की सफाई , चाचा नेहरू पार्क की साफ सफाई एवं पौधों को व्यवस्थित रखे जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिनका जल नल कनेक्शन का बिल बकाया था उनकी वसूली की गई। आयुक्त द्वारा 5 जल नल कनेक्शन काटने की कारवाही की गई। इस कार्यवाही में कार्यपालन यंत्री व्ही बी उपाध्याय , डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस , सहायक यंत्री एसएन द्विवेदी ,प्रोजेक्ट मैनेजर रावेंद्र सिंह , उपयंत्री विशाल खत्री , इंद्रवेश यादव , स्वच्छता निरीक्षक विशाल सोनी , आईईसी प्रोजेक्ट मैनेजर नितेश सिंह , राजस्व निरीक्षक लाल कुमार सिंह, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक अशोक त्रिपाठी एवं संबंधित वार्ड प्रभारी , सफाई टीम उपस्थित रही।

# मेरा संविधान मेरा अभिमान को केंद्र बिंदु में रखकर भाजपा संविधान गौरव अभियान को मूर्त रूप देने में लगी

**सिंगरौली**

भारतीय जनता पार्टी की संविधान गौरव यात्रा अनवरत जारी है। 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के योगदान तथा संविधान के प्रति अपनी निष्ठा को जन जन तक पहुंचाने के लिये भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जिले भर में आयोजित किये जा रहे? हैं। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व तथा जिलामंत्री विनोद चौबे की देख रेखा में विभिन्न प्रकार के संविधान जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा? है। जिले की तीनो विधानसभाओं



तथा सिंगरौली, विंध्य नगर, जयंत , सरई, बैढ़न, रजनिया, रजमिलान, चितरंगी मंडलों में विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठी, स्कूलों में निबंध, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई तथा संविधान में बाबा साहब के योगदान तथा देश के? संघीय ढांचे में संविधान के महत्व संबंधित परिचर्चा सम्पन्न हुई। स्कूलों में प्रश्नोत्तरी तथा निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों के बीच बाबा साहब तथा संविधान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास पार्टी द्वारा जारी है। अपने उद्बोधनों में जिलाध्यक्ष द्वारा संविधान के निर्माण से उसके लागू होने तक की चरणबद्ध जानकारी संगोष्ठियों तथा छात्रों के बीच दी। जिलाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश के संविधान और उसके निर्माताओं के प्रति जो निष्ठा हमारी पार्टी की है वो किसी और में नहीं। आज अपना राजनैतिक अस्तित्व संकट में देख कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां संविधान की प्रति लेकर? घूम रहे? हैं तथा संविधान की खोखली दलीलें पेश कर अपनी जमीन तलाशने में लगे हैं। विधायक राम निवास शाह ने कहा कि जिन बाबा साहब के नाम पर आज कांग्रेस अपनी राजनीति कर रही हैं उनके जीते जी नेहरू ने कभी उनको सम्मान नहीं दिया। उनको चुनाव हरवाया, संसद में नहीं पहुंचने दिया तथा उनके निर्वाण के बाद भी उनकी स्मृति में कुछ भी नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी समर्थित संयुक्त मोर्चा की सरकार में बाबा साहब को भारत रत्न मिला। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बाबा साहब से जुड़े स्थानों को भारतीय जनता पार्टी ने पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया तथा उनको राष्ट्र नायक के रूप में सम्मानित किया। बाबा साहब को पाठ्यक्रमों में जोड़कर उनके योगदान को आज की पीढ़ी को बताने का काम हमारी सरकारें कर रही हैं।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस का आयोजन किया गया



**सीधी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीधी में गुरुवार दिनांक 23 जनवरी 2025 को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सीधी जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, आदर्श विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, सीबीएसई बोर्ड विद्यालय एवं म. प्र. राज्य के बोर्ड विद्यालयों से 100 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अंशु त्यागी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को 'भारत हैं हम' श्रृंखला से विभिन्न एपिसोड दिखाये गये एवं इसके पश्चात इसी श्रृंखला पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

क्विज में प्रथम तीन विजेताओं दिव्या प्रजापति पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीधी, ऋषिका सिंह परिहार मोरीसन पब्लिक स्कूल एवं प्रगति गुप्ता जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट को 250 रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंत में प्राचार्य श्रीमती अंशु त्यागी ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न विद्यालयों से आये अनुरक्षक शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के अंदर देशभक्ति एवं स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान का भाव विकसित होगा और वे भारत के समृद्ध एवं गौरवशाली अतीत को जानने के साथ ही स्वतंत्रता के महत्त्व को भी समझ सकेंगे। जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे। विद्यालय के वरिष्ठ्म् शिक्षक श्री मनीष कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों, अनुरक्षकों एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## रोजगार के लिए थाना स्तर पर शिविरों का किया जाएगा आयोजन

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा ने जानकारी देकर बताया है कि भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के द्वारा एसआईएस सिक्योरिटी एण्ड इंटेलीजेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा कार्य के लिये आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत स्थानीय रोजगार देने के लिये कमाण्डेंट एस.आई.एस. प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली द्वारा शिविर आयोजित करना है। उन्होंने समस्त थाना/चौकी प्रभारी को अपने क्षेत्रों मे तिथिवार पंजीयन शिविर लगाये जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि दिनांक 24.01.2025 को थाना अमिलिया में, 27.01.2025 को थाना कुसमी में, 28.01.2025 को चौकी पोड़ी में, 03.02.2025 को थाना मझौली में, 04.02.2025 को चौकी पथरौली में, 05.01.2025 को मड़वास में, 06.02.2025 को चुरहट में, 07.02.2025 को कमर्जी में, 10.02.2025 को थाना रामपुर नैकिन में, 11.02.2025 को चौकी खड्डी में, 12.02.2025 को चौकी बम्हनी में, 13.02.2025 को चौकी मोहनिया में, 16.02.2025 को चौकी टिकरी में, 17.02.2025 को चौकी सेमरिया में, 18.02.2025 को चौकी पिपरांव में, 19.02.2025 को चौकी सिहावल में, 20.02.2025 को थाना जमोड़ी में एवं 22.02.2025 को थाना कोतवाली में 22.02.2025 में आयोजित किया गया है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला दोनो वर्ग में बनी विजेता



**सीधी।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय सिहावल जिला सीधी में जिला स्तरीय पिट्ठू पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार दिनांक 22.01.2025 को किया गया। इस प्रतियोगिता का पुरुष वर्ग का फाइनल मैच संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी और शासकीय महाविद्यालय सिहावल के बीच खेला गया, जिसमें संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी ने शासकीय महाविद्यालय सिहावल को 26 पॉइंट से मात देकर जिला स्तरीय पिट्ठू पुरुष प्रतियोगिता की विजेता बनी। वही इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी ने कन्या महाविद्यालय सीधी को 38 पॉइंट से पराजित कर विजेता बनी। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी संजय गांधी महाविद्यालय की छात्रा पायल को चुना गया। इस जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता से संजय गांधी महाविद्यालय सीधी के सात पुरुष खिलाड़ी एवं सात महिला खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ जिसका आयोजन रीवा में होगा। इस प्रतियोगिता में संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी से चयनित सभी खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ.पी.के. सिंह, क्रीड़ा अधिकारी डॉ रविंद्र नाथ सिंह एवं महाविद्यालय परिवार ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत प्रभात फेरी और रैली का हुआ आयोजन



**सीधी।** सीधी जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के अभियान में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के दिशा निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आर सी त्रिपाठी की उपस्थिति व मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी सीधी क्रमांक 1 आशा तिवारी, प्रशासक मंजुला तिग्गा के नेतृत्व में सुबह 8 बजे प्रभात फेरी व रैली वन स्टॉप सेंटर से निकाली गई। साथ ही संकल्प शपथ वाचन भी किया गया। कार्यक्रम में सभी महिला बाल विकास सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर अरुणिमा पाठक, पुष्पलता शर्मा, मंजुला मिश्रा एवं केयर टेकर अंजू पांडेय सुरक्षा गार्ड दिनकर तिवारी की उपस्थित विशेष रही।

आगामी 8 मार्च तक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कार्यक्रम स्कूल, गांव व सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान बेटियों के सुरक्षा हेतु लगातार किया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेगी मनीषा कुशवाहा

सीधी

म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला सीधी अन्तर्गत गठित लक्ष्मी स्व सहायता समूह ग्राम खोरवाटोला विकासखण्ड सिहावल की सचिव एवं पार्वती संकुल स्तरीय संगठन अमिलिया की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुशवाहा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए कर्तव्यपथ नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेगी। प्रदेश से कुल 15 स्व सहायता समूह सदस्यों द्वारा विशेष अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया जायेगा। ग्राम खोरवाटोला विकासखण्ड सिहावल की रहने वाली श्रीमती मनीषा कुशवाहा का जीवन भी संघर्षो और असफलताओं का सामना कर सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने की दास्तान है। समूह में जुड़ने से पूर्व श्रीमती मनीषा कुशवाहा के पास आजीविका के सीमित अवसर होने एवं सामाजिक बंदिशों के कारण जीवन बड़ी कठिनाईयों से गुजर रहा था। इसी बीच आजीविका मिशन के द्वारा समूह गठन का कार्य उनके ग्राम में किया जा रहा था, जिसकी जानकारी मिशन स्टॉफ द्वारा उन्हे भी दी गयी। सारी बाते समझने के बाद वह लक्ष्मी स्व सहायता समूह में जुड़ गयी। समूह में जुड़ने के बाद उन्होने कृषि सखी प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं समूह से तीन बार में कुल 50 हजार रूपये की ऋण लेकर पारम्परिक गतिविधि सब्जी उत्पादन के कार्य को और बढ़ाया। इसके बाद प्रगति उत्पादक समूह का गठन कर 02 लाख रूपये की राशि प्राप्त की जिससे उन्होने सब्जी उत्पादन के साथ-साथ बेचने का कार्य भी प्रारम्भ किया। इसके बाद श्रीमती मनीषा कुशवाहा का प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केन्द्र योजना अन्तर्गत ड्रोन दीदी के रूप में चयन कर ड्रोन प्रदाय किया गया है। ड्रोन के सफल संचालन हेतु उन्हे इन्दौर में 05 दिवसीय एवं भोपाल में 03 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। वर्तमान में श्रीमती मनीषा कुशवाहा सफलता पूर्वक ड्रोन का संचालन कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही है। ड्रोन में यूरिया की जगह नैनो यूरिया के प्रयोग से किसानों की लागत कम हो रही है और उनके समय की बचत (ड्रोन के माध्यस से एक एकड़ में स्प्रे करने करने में 05-07 मिनट का समय लगता है) हो रही है। वर्तमान में श्रीमती मनीषा कुशवाहा की वार्षिक आय राशि 1.73 लाख रूपये है। श्रीमती मनीषा कुशवाहा अपने जीवन में आये अभूतपूर्व परिवर्तन का श्रेय आजीविका मिशन को देती है।



## यात्री बसों की जांच कर किराया सूची चस्पा की गई



**सीधी।** जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि यात्री बसों में लगातार ज्यादा किराया लेने की शिकायत प्राप्त होने पर दिनांक 22 एवं 23 जनवरी 2025 को अभियान चलाया गया। यात्री बसों में किराया सूची चस्पा की गई तथा बस संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि यात्रियों से शासन द्वारा निर्धारित किराया ही लिया जाये अन्यथा की स्थिति में कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उक्त के अतिरिक्त 5 ऐसी बसों में 2500 रूपये का शमन शुल्क भी वसूल किया गया।

## ''भारत पर्व'' के अवसर पर होंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**सीधी।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर स्थानीय मानस भवन में सायं 6 बजे से लोकतंत्र के लोक उत्सव ''भारत पर्व'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष सुश्री रमा दुबे भोपाल समूह के द्वारा बघेली लोकगीत तथा श्री लिखीराम घुर्वे अनूपपुर समूह द्वारा गुदुमबाजा लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जावेंगी।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**सीधी।** प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में गुरुवार दिनांक 23.01.2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों के द्वारा बीमारी के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बचाव के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में छात्रों को शपथ दिलाई गई कि वह स्वयं एवं लोगों को जागरुक करते रहेंगे जिससे इस बीमारी से बचा जा सके। मध्य प्रदेश शासन की मंशानुरूप यह कार्यक्रम प्रदेश के 23 जिलों में 7 दिसंबर 2024 से 25 मार्च 2025 तक 100 दिवस किया जाना है जिसमें जागरूकता, रैली, स्क्रीनिंग टेस्ट आदि किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. दिलीप कुमार सोनी एवं डॉ. अंकिता सोनी कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना रहे।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहरी के प्राचार्य को हटाया गया

**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्र द्वारा आदेश जारी कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहरी के प्रभारी प्राचार्य श्याम सुन्दर तिवारी उच्च माध्यमिक शिक्षक को प्राचार्य पद से पृथक करते हुये संस्था में द्वितीय वरिष्ठताधारी हिमांचल सिंह उच्च माध्यमिक शिक्षक को अग्रिम आदेश तक के लिये प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्य करने की अनुमति दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालय के छात्रों को संबल राशि वापस नहीं करने के संबंध में शिकायत सहित प्राचार्य के विरुद्ध अन्य शिकायतें प्राप्त हुई थी।

# गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल करेंगे ध्वजारोहण

**सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। राज्यमंत्री श्री जायसवाल स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि द्वारा प्रात: 09:00 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। तदुपरांत 09:10 बजे मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। प्रात: 9:15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। प्रात: 9:30 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जायेगा। प्रात: 9:45 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। उसके पश्चात प्रतिभागियों तथा उत्कृष्ट कार्य हेतु शासकीय सेवकों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार वितरित किया जायेगा।

# अपर कलेक्टर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने की गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारियों की समीक्षा

**छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश**



**सीधी।** गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के संबंध में अपर कलेक्टर अंशुमन राज तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने समारोह स्थल की साफ-सफाई, समतलीकरण, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था आदि के विषय में सभी सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारी दिए गये दायित्वों का पूरी गम्भीरता से पालन करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, तहसीलदार गोपद बनास जान्हवी शुक्ला, नायब तहसीलदार एकता शुक्ला, टीआई कोतवाली अभिषेक उपाध्याय, यातायात प्रभारी रीता त्रिपाठी, सहायक यंत्री बी के तिवारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में 25 जनवरी को

**सीधी।** संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन शासकीय संजय गॉधी के अटल आडिटोरियम हॉल में किया जाना प्रस्तावित था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए नवीन स्थल जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे आयोजित किया जावेगा जिसमें समस्त कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति आपेक्षित है।

उन्होंने समस्त कार्यालय प्रमुख निर्देशित किया है कि दिनांक 25 जनवरी 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे आयोजित मतदाता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# कॉलेज चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के ज्योत्सना हायर सेकेंडरी विद्यालय में दी गई जानकारी



**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ उमाकांत साहू प्रभारी कॉलेज चलो अभियान, डॉ दिलीप कुमार सोनी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, डॉ. गुलाम मोहिउद्दीन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, डॉ. राकेश कुमार प्रजापति सहायक प्राध्यापक भूगोल के द्वारा बुधवार 22.01.2025 को ज्योत्सना हायर सेकेंडरी स्कूल सीधी पहुंचकर छात्र- छात्राओं को महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया, संचालित पाठ्यक्रम तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराकर कॉलेज में प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ श्वेता सिंह, शिक्षकगण व छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।


**कार्यालय वन मण्डल अधिकारी सीधी. (म०प्र०)**

कोतवाली रोड, जिला- सीधी 486661 म.प्र. E-mail-dfot.sdh@mp.gov.in Ph.07822-252235

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 391 /टेडरिंग/2024-25 दिनांक 21/01/2025

**अंतिम रूप से राजसात वाहनों विक्रय हेतु सील बन्द लिफाफा में निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन मण्डल सीधी अन्तर्गत अपलेखित निम्नलिखित वन अपराध मे अंतिम रूप से राजसात वाहनो का निर्वतन करने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है. वाहन जहाँ है जैसी स्थिति में है वैसा ही निर्वतन किया जायेगा। निविदाकार/बोलीदाता निर्धारित समय में वाहन का पूर्ण निरीक्षण कर सकते है। विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | वाहन का प्रकार | वाहन का नंबर | पंजीयन वर्ष | स्थल जहां वाहन खड़ा है | प्रस्तावित अवरोध मूल्य | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाइवा (टीपर) | MP 17 HH 3653 | 2014 | परिक्षेत्र चुरहट | 200000 | 20000 |
| 2 | ट्रक (टीपर) | MP 53 GA 1709 | 2010 | जमोड़ी परिक्षेत्र चुरहट | 130000 | 13000 |
| 3 | जे०सी०बी० लोडर | MP 53 GA 2706 | 2014 | कठौतहा परिक्षेत्र चुरहट | 230000 | 23000 |
| 4 | टाटा मैचिक (पिकप) | MP 53 GA 1328 | 2009 | गांधीग्राम परिक्षेत्र सीधी | 19000 | 1900 |
| 5 | ट्रैक्टर मय ट्राली | MP 53 M 1052 | 2001 | जमोड़ी परिक्षेत्र सीधी | 10000 | 1000 |
| 6 | ट्रैक्टर मय ट्राली | MP 53 M 2902 | 2005 | जमोड़ी परिक्षेत्र सीधी | 24500 | 2450 |
| 7 | पिकअप 407 | MP 53 GA 1747 | 2010 | जमोड़ी परिक्षेत्र सीधी | 69000 | 6900 |
| 8 | ट्रैक्टर मय ट्राली | MP 66 A 0369 | 2011 | परिक्षेत्र बहरी | 45000 | 4500 |
| 9 | पिकअप 407 | UP 53 F 9259 | 2006 | थाना बहरी परिक्षेत्र बहरी | 85000 | 8500 |

- निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे एवं वन विभाग के पोर्टल - https://mpforest.gov.in पर देखा जा सकता है।
- इच्छुक निविदाकार/बोलीदाता अधोहस्ताक्षर कार्यालय से निविदा फार्म शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म दिनांक 22/01/2025 से दिनांक 10.02.2025 समय दोपहर 01.00 बजे तक केवल आफलाइन (फार्म फीस 500/- रू.) वन मण्डल कार्यालय से खरीदे/प्राप्त किये जा सकते है।
- प्रत्येक **वाहन हेतु पृथक-पृथक निविदायें स्वीकार** की जावेगी। प्रत्येक निविदा फार्म के साथ निर्धारित जमानत राशि जमानती बैंक ड्राफ्ट जो वन मण्डल अधिकारी सीधी के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- निविदा फार्म मुहरबन्द वन मण्डल कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 10.02.2025 दोपहर 02.00 बजे तक जमा किया जा सकेगा।
- निविदा खोलने की तिथि 10.02.2025 समय दोपहर 03.00 बजे वन मण्डल कार्यालय सीधी में अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं निविदाकार/बोलीदाता के समक्ष खोली जावेगी।
- निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो वह, समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जायेगा। वन विभाग के पोर्टल - https://mpforest.gov.in पर अपलोड किया जावेगा।

वन मण्डल अधिकारी
सीधी (म.प्र.)

जी-22115/24

## संपादकीय

### बिना हादसे के कुंभ का आयोजन करना बड़ी चुनौती

प्रयागराज कुंभ मेले में सबसे बड़ी चुनौती यही थी कि आयोजन बिना किसी हादसे के संपन्न हो। मगर रविवार को मेले के एक हिस्से में लगी आग से यही स्पष्ट हुआ कि व्यवस्था के हर मोर्चे पर चाक-चौबंद होने के तमाम दावों के बरक्स कुछ लोगों ने लापरवाही बरती। नतीजतन, मेला क्षेत्र के गीता प्रेस शिविर में रसोई गैस सिलेंडर के फटने से आग लग गई।गनीमत बस यह रही कि इसके बाद आग बुझाने और बचाव में काफी तत्परता देखी गई, जिसकी वजह से आग के दायरे को समेटने और उस पर काबू पाने में कामयाबी मिली और कम से कम किसी की जान नहीं गई। वरना, जिस स्तर पर आग लगी और उसकी लपटें उठीं, उसमें घटना की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। अगर बचाव दल की ओर से इस स्तर की त्वरित कार्रवाई नहीं होती, तो जानमाल के नुकसान का दायरा बहुत बड़ा भी हो सकता था।किसी भी धार्मिक आयोजन में होने वाले जमावड़े में लापरवाही की वजह से आग लगने या भीड़ के बेकाबू होने के बाद हादसा न होने देना ही सबसे बड़ी चुनौती और जिम्मेदारी होती है। प्रयागराज में कुंभ की शुरूआत के समय ही जितने बड़े पैमाने पर लोगों के जुटने का अनुमान लगाया गया था, उसमें सरकार के सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी समूचे मेला क्षेत्र में व्यवस्था के स्तर पर सौ फीसद सुरक्षा की थी। किसी एक जगह बरती गई मामूली लापरवाही भी गंभीर जोखिम पैदा कर सकती थी। व्यवस्था को कायम रखने के लिए जिस तरह के व्यापक इंतजाम किए गए, अलग-अलग महकमों से भारी संख्या में कर्मचारियों को तैनात किया गया, उससे दुर्घटनाओं को रोकने और उन पर काबू पाने की कोशिश जरूर दिखी। मगर असली चुनौती किसी भी हादसे की संभावना तक को शून्य करना था। इसमें फिलहाल एक मोर्चे पर नाकामी सामने आई है।

# इतिहास की विभाजन रेखा पर ट्रंप

**अगला चुनाव हारने पर कई लोगों ने इसीलिए कहा था कि लोकतंत्र बच गया। हालांकि, तब भी आशंका व्यक्त की गई थी कि ट्रंप सिर्फ व्हाइट हाउस से विदा हुए हैं, पर ट्रंपवाद कायम है। ऐसा सोचने वाले तत्काल सही साबित हो गए थे। ट्रंप ने हार मानने से इनकार कर दिया था और उनके समर्थक कैपिटल हिल पर कुछ घंटों के लिए कब्जा जमाने में कामयाब हो गए थे। अमेरिकी इतिहास के लिए यकीनन वह काला दिन था।**

(शशि शेखर)

अमेरिका के नए-नवेले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कल, यानी सोमवार को अपने दूसरे सत्ता-काल की शपथ लेंगे। इस महादेश के इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति के सत्तारोहण पर इतनी आशंकाएं नहीं उपजीं, जितनी आज देखी जा रही हैं। खुद डोनाल्ड ट्रंप इसके लिए जिम्मेदार हैं। इससे उनके देश और दुनिया का भला क्या लाभ होने जा रहा है?

इस सवाल के जवाब से पहले हमें उनके पिछले कार्यकाल पर नजर डालनी होगी। उन्होंने 20 जनवरी, 2017 को अमेरिका के पहले अश्वेत और यशस्वी राष्ट्रपति बराक ओबामा से सत्ता का बैटन हासिल किया था। वह उस वक्त भी अप्रवासियों पर नकेल कसने और बड़े स्तर पर कर सुधार के वायदों के साथ व्हाइट हाउस में दाखिल हुए थे। उनके तमाम बयानों से तरक्कीपसंद अमेरिकियों की पेशानी पर बल पड़ गए थे, लेकिन ट्रंप बेपरवाह थे। अनेक चुनौतियों के बावजूद पहले 100 सत्ता-दिनों में वह कर सुधार की व्यापक योजना पेश कर अपने मतदाताओं के बीच लोकप्रियता कायम रखने में कामयाब रहे थे। एक सर्वेक्षण में उनके 90 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने उन्हें दोबारा वोट देने की ख्वाहिश जताई थी। हालांकि, उनके तमाम वायदे तब भी तवज्जो का इंतजार कर रहे थे। चार साल के पिछले कार्यकाल में उन्होंने दुनिया के उदारवादियों को कई बार थर्राने पर मजबूर किया था।

अगला चुनाव हारने पर कई लोगों ने इसीलिए कहा था कि लोकतंत्र बच गया। हालांकि, तब भी आशंका व्यक्त की गई थी कि ट्रंप सिर्फ व्हाइट हाउस से विदा हुए हैं, पर ट्रंपवाद कायम है। ऐसा सोचने वाले तत्काल सही साबित हो गए थे। ट्रंप ने हार मानने से इनकार कर दिया था और उनके समर्थक कैपिटल हिल पर कुछ घंटों के लिए कब्जा जमाने में कामयाब हो गए थे। अमेरिकी इतिहास के लिए यकीनन वह काला दिन था।

यह ट्रंपवाद ही है, जिसने अपने उत्कट आवेग में उनके जरिये जनी गई तमाम कालौंच को महज चार साल में बहा दिया। हालांकि, 2017 और 2025 की जनवरी में जमीन-आसमान का फर्क है। तब अमेरिकी फौज परदेसी जमीन पर धूमिल ध्येय के लिए खून बहा रही थी। आज पेंटागन की इमदाद से पूर्वी यूरोप में जानलेवा जंग जारी है। गाजा की जंग भी पिछले हफ्ते की शुरुआत तक जारी थी। जो बाइडन के बतौर राष्ट्रपति अंतिम उद्बोधन से एक दिन पहले खबर उड़ी कि गाजा पट्टी में युद्ध विराम हो गया। खुशी के आवेग में लोग सड़कों पर उल्लास बिखेरने लगे। उसी रात इजरायली बमवर्षकों ने 70 से अधिक गाजावासियों को मौत के घाट उतार दिया। हालांकि, दो दिन बाद इजरायली कैबिनेट ने इस पर मोहर लगा 460 दिनों पुरानी खूनी संघर्ष पर विराम लगा दिया, मगर यह शांति कितने दिनों तक टिकेगी?

वाशिंगटन डीसी का सत्ता-सदन पिछले 40 वर्षों से दुनिया का दारोगा बना हुआ है, लेकिन चीन के उभार, रूस के यूक्रेन पर आक्रमण, गाजा पट्टी की लड़ाई, अभूतपूर्व राजकोषीय घाटे और डॉलर के समकक्ष मुद्राओं की पेशकश ने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ऐसे में, नए अमेरिकी हुक्मरां से परिपक्व समाधानों की उम्मीद की जा रही थी, पर वह हर रोज नई उलटबांसी रच रहे हैं।



वह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने पद सम्हालने से पहले एक नक्शा जारी कर दिया। इसमें कनाडा को अमेरिका के 51वें प्रदेश के तौर पर दिखाया गया है। यही नहीं, वह ग्रीनलैंड पर पर्यावरण और पनामा कैनाल पर आर्थिक वजहों से अमेरिका का नियंत्रण चाहते हैं। ऐसा न होने पर उन्होंने डेनमार्क पर अतिरिक्त कर ठोकने की धमकी दी है, क्योंकि ग्रीनलैंड उसका स्वायत्तशासी हिस्सा है। वह मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका के नाम पर भी रखना चाहते हैं। उम्मीद के अनुरूप इन देशों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। क्या यह उस संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र का उल्लंघन नहीं है, जो सभी मुल्कों की सीमाओं और प्रभुसत्ता को बरकरार रखने की वकालत करता है? अमेरिका को अब तक इस 'चार्टर' का रखवाला माना जाता रहा है। आप चाहें, तो अफसोसपूर्वक कह सकते हैं, मौजूदा दुनिया में लोकतंत्र का लबादा ओढ़े विस्तारवादी और तानाशाही प्रवृत्ति के नेताओं की तादाद बढ़ती जा रही है।

यही नहीं, वह चीन पर अतिरिक्त दस फीसदी आयात कर थोपने की वकालत के साथ दोबारा व्हाइट हाउस में दाखिल हो रहे हैं। अगर वह ऐसा करेंगे, तो इसके जबरदस्त आर्थिक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। अमेरिका चीन का सबसे बड़ा आयातक है। इससे बीजिंग को जबरदस्त झटका लगेगा और विश्व के बाजारों में हलचल मच सकती है। ट्रंप का मानना है कि अभूतपूर्व राजकोषीय घाटे से गुजर रहे अमेरिका को इस पहल से राहत मिलेगी, पर यह जरूरी नहीं कि सब कुछ वैसा ही हो, जैसा वह सोच रहे हैं। ईरान पर शिकंजा कसते वक्त जिमी कार्टर ने कब सोचा था कि जोशीले नौजवान उनके दूतावास पर कब्जा कर लेंगे और यह कब्जा 444 दिनों तक जारी रहेगा? कार्टर इसी वजह से अगला चुनाव हार गए थे। पिछले दिनों उनकी मौत एक असफल राज्याध्यक्ष की शोकांतिका के रस्मी पूर्णविराम से अधिक कुछ भी न थी। ट्रंप एक और मामले में पहले अमेरिकी हुक्मरां साबित होने जा रहे हैं। उन्हें एक अदालत ने ताजपोशी से ऐन पहले यौनिक कदाचार का दोषी माना। यह ठीक है कि कानूनी प्रावधानों की आड़ में वह जेल नहीं जाएंगे, पर नैतिकता और राजनीति का चोली-दामन का साथ है। लगता है, यह कालखंड ऐसे सत्तानायकों को प्रश्रय देने वाला है। रूस के व्लादिमीर पुतिन पर अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत से युद्ध अपराध पर वारंट जारी है, पर वह शान से पदासीन हैं। यह तो उन महादेशों का हाल है, जो संयुक्त राष्ट्र में वीटो की ताकत रखते हैं, वैसे यह सूची खासी लंबी है। एक बात और। ट्रंप ने अपने आस-पास जिन अधिकारियों की तैनाती की है, उन पर विवाद उठ खड़ा हुआ है। आलोचक उनके मनसूबों और इस नई कुमुक को मिलाते हुए कहते हैं कि पहले स्वतंत्र नौकरशाही अमेरिकी राष्ट्रपतियों को निरंकुश होने से रोकती थी। उसकी सलाहों की अहमियत होती थी, पर 'वफादारों' की यह फौज सिर्फ अपने 'आका' को खुश करने की कोशिश में रहेगी। ट्रंप के नए दोस्त एलन मस्क भी अपने मित्र के साथ जुगलबंदी कर रहे हैं। बरसों से सामरिक साझेदार देशों के प्रति उनकी टिप्पणियां नई सनसनी रच रही हैं। क्या मस्क की राय में ट्रंप की भी इच्छा शामिल है? यहां यह मत सोच बैठिएगा कि ट्रंप सिर्फ जटिलताओं का नया संसार साथ लेकर आ रहे हैं। उनके निंदक भी मानते हैं कि उनका बहुत सा बड़बोलापन सिर्फ सुर्खियां बटोरने के लिए होता है। कभी-कभी वह लोगों, राजनेताओं अथवा देशों से 'बेस्ट डील' पाने के लिए भी ऐसा करते हैं। वह दोबारा राष्ट्रपति भले बन जाएं, पर मूलतः तो कारोबारी ही हैं। एक ऐसा कारोबारी, जो निजी व्यापार हो या देश का हित, हमेशा सामने वाले से सर्वोत्तम हासिल करना चाहता है। यही वजह है कि अब प्रशंसकों और आलोचकों को उनके शुरुआती फैसलों का इंतजार है। ये निर्णय सिर्फ ट्रंप-2 की दशा-दिशा नहीं, बल्कि आती दुनिया का चाल, चरित्र और चेहरा भी तय करेंगे।

# सैटेलाइट जोड़ने से अंतरिक्ष बाजार में बढ़ी भारत की साख

(निरंकार सिंह)

भारत ने अंतरिक्ष में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के स्पैडेक्स मिशन ने ऐतिहासिक 'डॉकिंग' में सफलता हासिल की है। भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला अमेरिका, रूस और चीन के बाद चौथा देश बन गया है। इसरो ने पहले पृथ्वी की कक्षा में दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक स्थापित किया, फिर दोनों को आपस में जोड़ दिया। यह एक बड़ी कामयाबी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वाभाविक ही इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

इससे पहले 7 और 9 जनवरी को तकनीकी कारणों से इसे टाल दिया गया था। 12 जनवरी को इसरो ने एक परीक्षण किया, जिसमें उपग्रहों को तीन मीटर की दूरी तक लाया गया और फिर आगे के विश्लेषण के लिए उनको सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। इसरो ने स्पैडेक्स मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने का चौथा प्रयास किया था, जो सफल रहा। इसरो ने अपने बयान में कहा कि दो उपग्रहों को जोड़ने के बाद, दोनों को एक ही वस्तु के रूप में नियंत्रित करने में उसे सफलता मिली है। आने वाले दिनों में उपग्रहों को अलग करने व विद्युत हस्तांतरण की जांच की जाएगी।

भारत ने यह मिशन पूरा करके शून्य गुरुत्वाकर्षण में जटिल तकनीकी उपलब्धि हासिल की है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद इसरो ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने हैंडल से पोस्ट किया- 'भारत ने अंतरिक्ष अभियान के इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व हो रहा है'। यह चूंकि यह एक कठिन प्रक्रिया है, इसलिए इसके लिए इसरो ने ट्रायल भी किए।

इस मिशन की कामयाबी से चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशनों की



इसलिए भी बड़ी बात है, क्योंकि इससे पहले केवल अमेरिका, चीन और रूस ही अंतरिक्ष में सैटेलाइट डॉकिंग कर पाए हैं। अब भारत ने भी इस छोटी, लेकिन महत्वपूर्ण सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। वास्तव में, डॉकिंग बहुत ही जटिल प्रक्रिया होती है, जिसमें उपग्रहों को आगे-पीछे ले जाया जाता है, जिसे इसरो ने अंतरिक्ष में दो उपग्रहों के 'रोमांचक हैंडशेक' के रूप में वर्णित किया। यह तकनीक तब आवश्यक होती है, जब सामान्य मिशन के लिए कई रॉकेट लॉन्च करने की जरूरत पड़ती है।

राह आसान हुई है। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे, वहीं गगनयान मिशन में इंसान को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इसरो के लिए इस मिशन का सफल होना बहुत जरूरी था, क्योंकि इसका उपयोग उपग्रहों की सर्विसिंग, अंतरिक्ष स्टेशन संचालन और ग्रहों के बीच आपस में चल रहे मिशनों में खूब होता है। भारत की यह सफलता अंतरिक्ष में छिपे कई रहस्यों और जानकारियों के उद्घाटन में बहुत काम आएगी। उल्लेखनीय है कि इसरो ने पीएसएलसी-सी 60 की मदद से इन दोनों उपग्रहों को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया था। रॉकेट ने उड़ान भरने के करीब 15 मिनट बाद 220 किलोग्राम वजन वाले इन दोनों उपग्रहों को 475 किलोमीटर ऊपर की कक्षा में स्थापित किया था।

तकनीकी दक्षता के साथ-साथ इस मिशन के जरिये भारत वैश्विक व्यावसायिक अंतरिक्ष बाजार में अपनी जगह सुनिश्चित कर रहा है। 2030 तक यह बाजार एक ट्रिलियन डॉलर का हो सकता है। फिलहाल इसमें भारत की हिस्सेदारी सिर्फ आठ अरब डॉलर की है। सरकार का लक्ष्य 2040 तक इसे बढ़ाकर 44 अरब डॉलर करना है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने श्रीहरिकोटा में तीसरे लॉन्च पैड के निर्माण को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट की लागत 3,985 करोड़ रुपये है और इसके 48 महीने में पूरा होने का अनुमान है। फिलहाल यहां दो लॉन्च पैड मौजूद हैं। नया लॉन्च पैड इन दोनों लॉन्च पैड से अधिक क्षमता वाला होगा। नए लॉन्च पैड को अंतरिक्ष क्षेत्र की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया जाएगा। इस पैड के बनने पर अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले सैटेलाइट और स्पेसक्रॉफ्ट के प्रक्षेपण में तेजी लाई जा सकेगी। इससे भारत अपनी जरूरत के मिशन को अंजाम देने के साथ-साथ विश्व की मांग भी पूरी कर सकेगा। सरकार के ताजा फैसले से नई पीढ़ी के लॉन्च व्हीकल प्रोग्राम को आगे बढ़ाने में भी मदद मिली है। (पूर्व सहायक संपादक, हिंदी विश्वकोश) (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5622

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | 8 | ■ |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | 11 |
| 12 | 13 | | | ■ | 14 | | |
| ■ | 15 | | ■ | 16 | | | |
| 17 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 18 | | 19 | 20 | | ■ | 21 | ■ |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत में 5 सितंबर इस दिवस के रूप में मनाया जाता है (6)
6. अवस्था, उम्र, जीवन अवस्था (2)
7. ऐसा कोई घटना जिसमें कोई अपराध हुआ हो (4)
9. परिपक्व होना, पुष्पित होना (3)
10. मंगल ग्रह इस रंग का बताया जाता है, इंद्रधनुष के रंगों में से एक (2)
12. स्मरणीय, याद रखने योग्य, स्मारक, अविस्मरणीय (4)
14. पृथ्वी की ऊपरी सतह (3)
15. पुरुष, मर्द (2)
16. अत्यंत दुबला पतला (4)
17. मुकदमा, अभियोग (2)
18. शरण देना, आश्रय देना (5)
22. अत्यंत प्राचीनकाल से चला आता (4)
23. यह हिमालय में एक पहाड़ी राज्य है जिसके उत्तर में चीन और दक्षिण में भारत है जिसकी राजधानी थिम्फू है (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. मादक पदार्थ, भांग को यह भी कहत है (4)
2. कुपोषण, नाश या नष्ट होना, तपेदिक, टी.बी (2)
3. दिनपति, सूर्य, सूरज, रवि (4)
4. विवाह के समय वधु का वर को अंगीकार करना, यदि ऐसा न होगा तो (3)
5. प्रतिध्वनि, फकीर की आवाज, फरियाद (2)
8. पुराणानुसार सात पातालों में से एक पाताल, कहते है प्रहलाद का निवास स्थान यहीं है (4)
9. उजरत, तनख्वाह, वेतन (3)
11. प्रबल अभिलाषित होना, तीव्र उत्कंठित होना (4)
13. दन-दन शब्द करते हुए आना या दन-दन शब्द करना (5)
14. क्षुधा, भूख शब्द अपभ्रंश (2)
16. सटना, रिश्ते में कुछ होना (3)
17. लौटा हुआ या फिरता हुआ (3)
19. ताड़ित, पीटा हुआ, गुणा किया हुआ (2)
20. प्रदत्त या प्राप्त वस्तु (2)
21. जिसका डील या कद छोटा हो, ठिगना (2)

### वर्ग पहेली 5621 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्वे | त | ■ | भा | र | त | ■ | ब |
| ता | ह | ना | ई | ■ | ल | ल | क |
| ल | ला | ट | ■ | सु | ब | क | ना |
| ■ | ना | क | र | ना | ■ | वा | ■ |
| मे | ■ | ■ | त | री | का | ■ | सु |
| ध | न | क | ना | ■ | नू | त | न |
| दू | र | ■ | र | ह | न | ■ | ना |
| त | म | क | ■ | म | न | स्वी | ■ |

# अमेरिका-भारत दोस्ती का नया अध्याय

(अरविंद कुमार बिश्नोई)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर के शामिल होने की खबर से भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर एक नई उम्मीद जगी है। यह न्योता न केवल दोनों देशों के बीच बढ़ती मित्रता का प्रतीक है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गहरी दोस्ती की यादें भी ताजा करता



है। नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के आपसी रिश्ते हमेशा से खास रहे हैं। ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के ह्यूस्टन में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम को संबोधित किया था, जिसमें दोनों नेताओं ने मंच साझा किया था। बाद में, जब डोनाल्ड ट्रंप भारत आए, तब गुजरात में उनका भव्य स्वागत किया गया था। अहमदाबाद में आयोजित 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम ने दोनों नेताओं की दोस्ती को और मजबूत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने साबरमती आश्रम का दौरा भी किया था और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को वहां श्रद्धांजलि दी थी। सोमवार को एस जयशंकर का डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना, इन ऐतिहासिक पलों की गवाही के साथ-साथ भारत-अमेरिका संबंधों को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का संकेत है। ट्रंप का नया कार्यकाल भारत-अमेरिका के आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को और गहरा करेगा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मित्रता ने यह साबित किया है कि दोनों देशों के संबंध केवल औपचारिकताओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आपसी विश्वास व सहयोग पर आधारित हैं। ट्रंप के इस नए कार्यकाल के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों में एक नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिल सकता है। यह पूरी दुनिया के लिए एक सकारात्मक संदेश है, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी की मित्रता ने वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को और मजबूत किया है। इस नई शुरुआत के साथ यह रिश्ता और प्रगाढ़ होने की संभावना है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन लाभ से भरा होगा और आप खुद से ज?यादा दूसरों की मदद करने में वक?त बिताएंगे। आपके सुख में वृद्धि होगी और मन में प्रसन?नता का भाव रहेगा। भाग्य आपका साथ देगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। इन जिम्मेदारियों को निभाकर आप अपनी क्षमता साबित कर पाएंगे।

### वृष

आज करियर के लिहाज से शुभ योग बन रहे हैं। दोपहर तक कोई खुशखबरी मिलने की संभावना है। सेहत का ध्यान रखें, इससे आपको फायदा होगा। शाम को किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है। रात में किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

### मिथुन

आज करियर में लाभ मिलेगा। पिता और उच्च अधिकारियों के सहयोग से कोई कीमती वस्तु या संपत्ति मिल सकती है। आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। फिजूल के खर्च से बचें और अपने काम पर फोकस करें।

### कर्क

आज भाग्य में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। अचानक धन लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। व्यावसायिक योजनाओं में गति आएगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और भावुकता में कोई भी फैसला न लें।

### सिंह

आज भाग्य साथ देगा। राजनीति के क्षेत्र में अप्रत्याशित सफलता मिलेगी। संतान के प्रति जिम्मेदारियां पूरी होंगी। प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ेंगे। रुके हुए काम पूरे होंगे। शाम का समय दोस्तों के साथ मनोरंजन में बीतेगा। इसमें कुछ खर्च भी होगा।

### कन्या

आज भाग्य में वृद्धि होगी। हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थितियों में क्रोध पर नियंत्रण रखें। घर की समस्याएं सुलझ जाएंगी। कारोबार को आगे बढ़ाने में आपको सरकार से मदद मिल सकती है।

### तुला

आज दिन लाभदायक रहेगा। विशेष उपलब्धि हासिल होगी। आय के नए स्रोत बनेंगे। आपके अच्छे स्वभाव के कारण आपको सम्मान मिलेगा। भागदौड़ के कारण सेहत पर असर पड़ सकता है, इसलिए सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। यात्रा सुखद और लाभदायक रहेगी।

### धनु

आज दिन खर्चीला रहेगा। धन का व्यय होगा। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी रिश्तेदार के कारण तनाव हो सकता है। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। दिन में कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। लेकिन अंत में आपकी जीत होगी।

### कुंभ

आज लाभ का दिन है। अचानक भागदौड़ और खर्च बढ़ सकता है। किसी भी संपत्ति की खरीद-बिक्री से पहले उसकी अच्छी तरह जांच कर लें। सभी कानूनी पहलुओं पर विचार कर लें। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपके लिए दिन लाभ और सम?मान से भरा होगा और कहीं से आपको कोई तरक?की का समाचार मिल सकता है।

### वृश्चिक

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। धन, सम्मान और यश में वृद्धि होगी। अपने प्रियजनों से मुलाकात होगी। वाणी पर संयम रखें, वरना विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। शाम को प्रियजनों से मुलाकात होगी। रात का समय मौज-मस्ती में बीतेगा।

### मकर

आज दिन खुशी में बीतेगा। मनचाहा लाभ होने से खुशी होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यवसाय में बदलाव की योजना बना सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी होंगी। वाहन चलाते समय सावधान रहें, वरना आपका खर्च बढ़ सकता है।

### मीन

आज लाभ होगा। जीवन आनंददायक रहेगा। किसी जरूरी काम से आपको आपको छोटी-बड़ी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार में प्रगति से खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। शाम को घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका मन शांत रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान सरकार ने संशोधित पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक परियोजना का नाम बदला



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य में संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना (पीकेसी) का नाम बदलकर बुधवार को रामजल सेतु लिंक परियोजना कर दिया। पिछले साल 17 दिसंबर को संशोधित पीकेसी परियोजना के मेमोरेंडम ऑफ असोसिएशन (एमओए) के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों का जल राम सेतु जल संकल्प कलश में डाला गया था। शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर रामजल सेतु लिंक परियोजना का नामकरण करने के बाद इसका पोस्टर भी जारी किया। उन्होंने एक बयान में कहा कि पिछले साल आज ही के दिन 500 साल के लंबे इंतजार के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या में जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजमान हुए थे। भगवान श्रीराम ने सत्य की जीत के लिए समुद्र पर पुल बनाकर एक छोर को दूसरे छोर से जोड़ा था। शर्मा ने कहा कि उनसे प्रेरणा लेते हुए नदियों को जोड़ने की यह महत्वाकांक्षी परियोजना प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजस्थान और मध्य प्रदेश को समृद्ध बनाने के लिए लाई गई है। उन्होंने कहा पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के नदियों को जोड़ने के सपने को साकार करते हुए राम सेतु जल परियोजना के पूरा होने पर राज्य की 40 प्रतिशत आबादी को पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। इस लिंक परियोजना में चंबल एवं इसकी सहायक नदियों कुन्नू, कूल, पार्वती, कालीसिंध एवं मेज का अधिशेष वर्षा जल बनास, मोरेल, बाणगंगा, रूपारेल, पर्वतनी व गंभीर नदी बेसिनों में भेजा जाएगा।

### गंग नहर में मिला परियोजना प्रबंधक का शव

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद जिले में बुधवार को मसूरी कस्बे में गंग नहर से एक निजी कम्पनी के परियोजना प्रबंधक का शव बरामद किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने यहां बताया कि मसूरी कस्बे में नीला पुल के पास गंग नहर से 33 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया। उसकी पहचान बिजनौर जिले के कीरतपुर कस्बे के निवासी प्रिंस राणा के रूप में हुई। वह गुरुग्राम में ब्लू स्मार्ट कंपनी में परियोजना प्रबंधक के तौर पर काम करता था। गौतम ने बताया कि राणा 15 जनवरी को किसी को बताए बिना घर से निकल गया था और उसकी पत्नी प्रिया ने 16 जनवरी को गुरुग्राम के पालम विहार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शव को नहर से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले को आगे की जांच के लिए गुरुग्राम पुलिस को सौंप दिया गया है।

### वैश्विक व्यवधानों के बीच भारत सबसे भरोसेमंद स्थान: वैष्णव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि दुनिया भर में व्यवधानों के बीच भारत सबसे भरोसेमंद स्थान बनकर उभरा है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर अन्य भारतीय मंत्रियों और राज्यों के नेताओं के साथ पार्टी लाइन से ऊपर उठकर संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि वैश्विक निवेशक और नेता भारत की क्षमता के बारे में आश्वस्त हैं। वैष्णव ने कहा कि दावोस में भारत की एक संयुक्त टीम का होना बहुत खास अवसर है। रेल मंत्री ने कहा, ''दुनिया भर में तमाम व्यवधानों के बावजूद भारत एक विश्वसनीय स्थान के रूप में उभरा है। यह एक ऐसा देश है जो सभी के लिए शांति, समावेश और विकास में विश्वास करता है।'' आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि वह लंबे समय से यहां आते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पहली बार 1967 में आए थे, लेकिन यह पहली बार है कि 'टीम इंडिया' ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार दावोस में भारतीय प्रतिनिधिमंडल को सबसे ज्यादा तवज्जो मिली है। नायडू ने कहा कि मंच पर मौजूद नेता अलग-अलग दलों से हो सकते हैं, लेकिन उन सभी के लिए यहां 'भारत प्रथम' है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि सभी भारतीय नेताओं का एक साथ आना बहुत अच्छी बात है और सभी ने इस बार दावोस में एक स्वर में बात की है। उन्होंने कहा, ''यह बहुत महत्वपूर्ण है कि सभी राज्य एक साथ विकास करें और यह अब भारत में हो रहा है।

### ट्रंप की वापसी के साथ 'टैरिफ' घरेलू शब्द बन गया है: जयराम रमेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने के बाद 'टैरिफ' (कर) एक घरेलू शब्द बन गया है और उन्होंने इस शब्द की उत्पत्ति साझा की है। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''ट्रंप के दोबारा (सत्ता में) आने के साथ, 'टैरिफ' एक घरेलू शब्द बन गया है और अमेरिकी राष्ट्रपति स्वयं इसका प्रयोग करने से कभी नहीं थकते। कांग्रेस नेता ने कहा, 'टैरिफ' शब्द की उत्पत्ति 10वीं-15वीं शताब्दी के दौरान अरब दुनिया के साथ वेनिस के व्यापार से हुई है। अरबी शब्द अर्राफा जिसका अर्थ है सूचित करना , इतालवी टैरिफा की ओर ले गया और फ्रेंच के माध्यम से यह अंग्रेजी में आ गया। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है।

# सुभद्रा योजना के तहत 157 पुरुष ने किया आवेदन, ओडिशा में जांच के दौरान बड़ा खुलासा



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में सुभद्रा योजना पर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. यहां 157 पुरुष विशेष रूप से महिलाओं के लिए बनाई गई कल्याणकारी सुभद्रा योजना का लाभ उठाने का प्रयास करते हुए पाए गए. राज्य के डिप्टी सीएम प्रावती पारिदा ने मीडिया के समक्ष इस बात की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि, आवेदन पत्रों की छंटाई के दौरान अनियमितताएं सामने आईं, जहां आधार से जुड़े बैंक डेटा ने दुरुपयोग को उजागर किया.

डिप्टी सीएम ने कहा, धोखाधड़ी वाले आवेदनों को योजना से बाहर रखा गया है. यह देखना अजीब है कि यह स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद कि यह केवल महिलाओं के लिए एक योजना है, पुरुष इसके लिए आवेदन क्यों करेंगे. सुभद्रा योजना में वर्तमान में एक करोड़ से अधिक आवेदन हैं, जिनमें से लगभग 2 लाख अभी भी स्वीकृति के लिए लंबित हैं।. इन लंबित मामलों में से एक बड़ा हिस्सा प्रवासी श्रमिकों से जुड़ा है, जो रोजगार के लिए राज्य से बाहर कहीं चले गए हैं. डिप्टी सीएम ने कहा कि ऐसी महिलाओं को जल्द से जल्द आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. उन्होंने बताया, योजना के तहत वित्तीय सहायता जनवरी के अंत तक पात्र महिलाओं तक पहुँच जाएगी, जिनमें ओडिशा से बाहर रहने वाली महिलाएं भी शामिल हैं. अपने चौथे चरण में, सुभद्रा योजना से 20 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित होंगी. सरकार प्रवासियों और अन्य अंतिम छोर के लाभार्थियों को शामिल करने के प्रयासों को प्राथमिकता दे रही है, खासकर गंजम, मयूरभंज, संबलपुर, बलांगीर, कोरापुट और अंगुल जैसे जिलों में जहाँ कई महिलाएं छूट गई हैं. परिदा ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी पात्र महिला छूट न जाए.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर, 2024 को इस योजना का उद्घाटन किया था. उस दिन करीब 25.11 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में 5,000 रुपये की पहली किस्त सीधे भेजी गई थी. भगवान जगन्नाथ की बहन के नाम पर सुभद्रा योजना, ओडिशा में भाजपा द्वारा अपने चुनावी घोषणापत्र में महिलाओं के लिए किए गए प्रमुख वादों में से एक थी. पार्टी जून, 2024 में सत्ता में आई. इस योजना के तहत, 21 से 60 वर्ष की आयु की सभी पात्र महिलाओं को 2024-25 और 2028-29 के बीच पांच साल की अवधि में 50,000 रुपये मिलेंगे. यह राशि सीधे लाभार्थी के आधार युक्त बैंक खाते में जमा हो जाती है. गौरतलब है कि सरकार ने इस योजना के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया है. यह लाभार्थियों को सुभद्रा डेबिट कार्ड भी प्रदान करेगी. इस योजना से बाहर रखे जाने वालों में आर्थिक रूप से संपन्न परिवारों की महिलाएं, सरकारी कर्मचारी और आयकरदाता शामिल हैं. यहां तक कि वे महिलाएं भी जो किसी अन्य सरकारी योजना के तहत प्रति माह 1,500 रुपये या उससे अधिक (या प्रति वर्ष 18,000 रुपये या उससे अधिक) सहायता प्राप्त करती हैं, उन्हें भी इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा.

चूंकि पंजीकरण की कोई अंतिम तिथि नहीं है, इसलिए यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी जब तक सभी पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण नहीं हो जाता. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सरकार ने 2024-25 से 2028-29 तक पांच वर्षों के लिए इस योजना के लिए 55,825 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं, जबकि 2024-25 के लिए 10,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

## जलगांव रेल दुर्घटना: 13 मृतकों में चार नेपाली नागरिक शामिल, राहुल गांधी बोले- दोषियों को सख्त सजा मिले

**नई दिल्ली , एजेंसी।** महाराष्ट्र के जलगांव रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में चार नेपाली नागरिक भी शामिल हैं।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को इस हादसे की तुरंत जांच और दोषियों को कड़ी सजा की मांग की है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र के जलगांव में हुए भीषण ट्रेन हादसे में कई लोगों के मौत और कईयों के घायल होने की खबर बेहद दुखद और व्यथित करने वाली है। शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। सरकार और प्रशासन सुनिश्चित करें कि घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज हो। उन्होंने आगे कहा, मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध करता हूं कि राहत और बचाव कार्यों में प्रशासन की मदद करें। आग लगने की अफवाह कैसे फैली और इतना भीषण हादसा कैसे हुआ इसकी त्वरित जांच होनी चाहिए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। महाराष्ट्र के जलगांव में लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की अफवाह के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई थी। जिसके बाद कई यात्री ट्रेन से कूद गए और दूसरी आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। जलगांव के कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय द्वारा प्रस्तुत महाराष्ट्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना बुधवार को लगभग 5: 05 बजे हुई। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, कुल 13 लोगों की मौत हुई है और 10 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में चार नेपाली नागरिक शामिल हैं। 13 मृतकों में से सात की पहचान हो गई है, जबकि छह के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि मृतकों में चार महिलाएं भी शामिल हैं।

## 200 पुलिस वालों की सुरक्षा में घोड़ी पर चढ़कर बारात लेकर पहुंचा दलित युवक

**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर जिले में एक दलित दूल्हे की बारात भारी पुलिस सुरक्षा के बीच निकाली गई. दुल्हन के परिवार ने घोड़े पर चढ़ी बारात का ऊंची जातियों की तरफ से विरोध होने की आशंका के चलते प्रशासन से संपर्क किया था. लगभग 200 पुलिस कर्मियों की मौजूदगी ने सुनिश्चित किया कि पारंपरिक बिंदोली समारोह कोई घटना-रहित हो. मंगलवार को दूल्हा विजय रेगर अरुणा से शादी करने के लिए घोड़ी पर सवार होकर खोरवाल के लावेरा गांव पहुंचा. अरुणा खोरवाल के परिवार ने गांव में उच्च जाति के स्थानीय लोगों द्वारा संभावित विरोध की आशंका से प्रशासन से संपर्क किया था. प्रशासन ने समारोह के लिए लगभग 200 कर्मियों को तैनात किया. अजमेर की पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने कहा, एक परिवार ने पुलिस के समक्ष चिंता जताई थी कि वे बारात निकालना चाहते हैं और शायद कुछ परेशानी हो सकती है. तैयारी के तहत गांव में एक बैठक की गई. ग्रामीणों ने भी सहयोग किया और कहा कि कोई समस्या नहीं होगी. बारात पुलिस सुरक्षा में निकाली गई. अरुणा के पिता नारायण खोरवाल ने मानव विकास एवं अधिकार केंद्र संस्थान के सचिव रमेश चंद बंसल सहित स्थानीय लोगों से भी संपर्क किया था।

## बीड सरपंच हत्या मामला: आरोपी वाल्मिक कराड अस्पताल में कराए गए भर्ती, पेट में दर्द की शिकायत

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के बीड जिले के मस्साजोग में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले ने पूरे राज्यभर की राजनीति को गर्म कर रखा है। आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति अपने चरम पर है। इसी बीच हत्या मामले में आरोपी धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड के पेट में दर्द की शिकायत पर को उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि वाल्मिक कराड को सरपंच देशमुख हत्या मामले बुधवार को कराड की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

**अस्पताल के अधिकारी ने दी जानकारी :** मामले में जानकारी देते हुए अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीड की जेल में ले जाए जाने के बाद कराड ने पेट दर्द की शिकायत की। जेल प्रशासन ने बीड सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों को कल रात इस बारे में एक पत्र लिखा। इसके बाद डॉक्टरों की एक टीम ने जेल में उनकी जांच की और दवाइयां दीं। लेकिन, दर्द कम न होने पर कराड को बुधवार रात करीब 10.30 बजे सिविल अस्पताल लाया गया।

**सेमी आईसीयू वार्ड में भर्ती है कराड :** अस्पताल के अधिकारी ने आगे बताया कि वाल्मिक कराड को सेमी आईसीयू वार्ड में रखा गया है। अधिकारी ने कहा कि गुरुवार को बाद में उनके स्वास्थ्य की समीक्षा की जाएगी। सर्जन उनकी जांच कर रहे हैं और आज उनके कुछ टेस्ट किए जाएंगे। इससे पहले बुधवार को एक अधिकारी ने बताया था कि कराड को खांसी, जुकाम और बुखार था और सुबह उन्हें जांच के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उनके महत्वपूर्ण पैरामीटर स्थिर थे।



**पुलिस अधिकारी ने दी जानकारी :** साथ ही इस मामले में पुलिस अधिकारी ने बताया कि कराड के वकीलों द्वारा किए गए आवेदन के जवाब में अदालत ने उन्हें जेल में रहते हुए सीपीएपी मशीन का उपयोग करने की अनुमति दी, जो स्लीप एपनिया के इलाज में मदद करती है।

**देशमुख के भाई ने की जमानत नहीं देने की अपील :** वहीं मृतक संतोष देशमुख के भाई धनंजय ने बुधवार को अदालत से अपील की थी कि हिरासत में भेजे जाने के बाद भी आरोपियों को जमानत नहीं देने की मांग की थी। साथ ही देशमुख ने पुलिस प्रशासन पर आरोपी के साथ मिलीभगत का आरोप भी लगाया।

गौरतलब है कि मध्य महाराष्ट्र के बीड जिले के मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का 9 दिसंबर को अपहरण कर लिया गया, उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि देशमुख ने एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर जबरन वसूली के प्रयास का विरोध करने की कोशिश की थी।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका, प्रियंका अग्रवाल ने ज्वॉइन की आप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कस्तूरबा नगर के कोटला मुबारकपुर वार्ड से दिल्ली महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल शनिवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने प्रियंका अग्रवाल को पटका और टोपी पहनाकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी ताकत से दिल्ली चुनाव लड़ रही है। प्रियंका अग्रवाल का आम आदमी पार्टी परिवार में स्वागत है। उनके आने से कस्तूरबा नगर विधानसभा समेत पूरी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को मजबूती मिलेगी। प्रियंका अग्रवाल को शुभकामनाएं देते हुए केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतेगी। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होना है, नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। आम आदमी पार्टी ने सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए




उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। वहीं, भाजपा अब तक दो सूचियों में 58 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। 12 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा अभी बाकी है। वहीं, कांग्रेस ने अब तक 48 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, 22 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम को लेकर मंथन जारी है। भाजपा और आप नेता एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री ने आम आदमी पार्टी पर भी बड़ा हमला बोला। अमित शाह ने आम आदमी पार्टी को भ्रष्ट बताया। इसके बाद आप ने भी उनपर निशाना साधा। आप ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा ने झुग्गियों को तोड़ने का काम किया है। मतदान के दिन झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग भाजपा को करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2022-23 में 35 बार अभियान चलाकर गरीबों के घर तोड़ने का काम किया है।

## कर्नाटक: बेलगावी में बच्चा बेचने वाले रैकेट का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**बेलगावी, एजेंसी।** बेलगावी जिले में बच्चों की तस्करी के मामले बढ़ते जा रहे हैं. पिछले तीन महीनों में बाल तस्करी के तीन मामले सामने आए. अब हुक्केरी पुलिस ने 7 साल के बच्चे को बेचने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में हुक्केरी तालुक के सदाशिव शिवबसप्पा मगदुम (लड़के का सौतेला पिता), लक्ष्मी गोलाबामवी, संगीता विष्णु सावंत, अनसूया गिरिमल्लप्पा दोड्डामनी शामिल हैं. पुलिस ने लड़के को बाल कल्याण बोर्ड को सौंप दिया है. लक्ष्मी गोलाबामवी मैरिज ब्रोकर के रूप में काम करती थी. उसने चार महीने पहले उसी गांव के सदाशिव मगदुम्मा और हावेरी जिले के बधनाला गांव की संगीता की शादी करवायी थी.

दोनों की यह दूसरी शादी थी. संगीता को पहले से ही सात साल का एक बेटा है. लक्ष्मी ने झांसा देकर संगीता से दोस्ती की और उसे यह कहकर विश्वास दिलाया कि वह उसके बच्चे की देखभाल करेगी. संगीता की नई-नई शादी हुई थी. वह भी उसकी बातों में आ गई. बाद में लक्ष्मी ने कोल्हापुर की अपनी सहेलियों संगीता सावंत और हलियाला की अनुसूया दोड्डामनी के साथ मिलकर सात साल के लड़के को बेच दिया. उन्होंने लड़के को बेलगावी की दिल शान नामक महिला को चार लाख रुपये में बेच दिया. इस दौरान आरोपियों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि लड़के का कोई पिता या माता नहीं है. लड़के को खरीदने वाले दिलशान ने आरोपियों से आग्रह किया कि वे थाने में इस बारे में लिखित जवाब दे. हालांकि, आरोपी इस बात पर राजी नहीं हुए और फोन बंद कर भाग गए. इस बीच संगीता ने एक एनजीओ की मदद से पुलिस से शिकायत की. शिकायत दर्ज करने के बाद हुक्केरी पुलिस ने चार दिनों में बैलाहोंगला तालुक के एक गांव से बच्चे को सकुशल बचाया. पुलिस जांच में संगीता के दूसरे पति सदाशिव मगदुम्मा का भी इस नेटवर्क में हाथ पाया गया. पता चला है कि सभी का 4 लाख रुपये में हिस्सा था. मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की जांच कर रही है. आरोपी लक्ष्मी गोलाबामवी का तुमकुरु और शिवमोग्गा में दूसरी शादी करने वालों का एक बड़ा नेटवर्क है. गोवा और महाराष्ट्र में भी उसके एजेंट होने की आशंका है. वे दूसरी शादी करने वाली महिलाओं के बच्चों को बेचते थे.

# गणतंत्र दिवस की झांकियों में गीता, महाकुंभ और संविधान की झलक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गणतंत्र दिवस समारोह में निकलने वाली झांकियों में इस वर्ष भगवत गीता, महाकुंभ 2025, नालंदा विश्वविद्यालय और संविधान के 75 वर्ष की झलक देखने को मिलेगी. कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की परेड होगी. इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह की थीम स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास है. गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान इस थीम पर 16 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) और केंद्र सरकार के 10 मंत्रालयों की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी. झांकियां भारत की विविध शक्तियों और इसके निरंतर विकसित होते सांस्कृतिक समावेश को प्रदर्शित करेंगी. भाग लेने वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में गोवा, उत्तराखंड, हरियाणा, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, दिल्ली, दादरा नगर हवेली और दमन एवं दीव शामिल हैं.

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक गोवा की झांकी में गोवा की सांस्कृतिक विरासत को दिखाया जाएगा. उत्तराखंड की झांकी में उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और साहसिक खेल देखने को मिलेंगे. हरियाणा भगवत गीता का प्रदर्शन करेगा.

**झारखंड स्वर्णिम झारखंड :** विरासत और प्रगति की विरासत को अपनी झांकी में दर्शाएगा.



**गुजरात की झांकी में स्वर्णिम भारत :** विरासत और विकास की झलक मिलेगी. आंध्र प्रदेश की झांकी में एटिकोप्पका बोम्मलु - पर्यावरण अनुकूल लकड़ी के खिलौने दर्शाए जाएंगे. पंजाब अपनी झांकी में पंजाब ज्ञान और बुद्धि की भूमि है बताएगा. उत्तर प्रदेश की झांकी में महाकुंभ 2025 - स्वर्णिम भारत विरासत और विकास के दर्शन होंगे.

**बिहार की झांकी में स्वर्णिम भारत :** विरासत और विकास दिखाया जाएगा. मध्य प्रदेश की झांकी में मध्य प्रदेश का गौरव : कुनो राष्ट्रीय उद्यान - चीतों की भूमि होगा. त्रिपुरा शाश्वत श्रद्धा : त्रिपुरा में 14 देवताओं की पूजा-खर्ची पूजा अपनी झांकी में दर्शाएगा.

**तमिलनाडु की झांकी में लक्कुंडी :** पत्थर शिल्प का उद्गम स्थल देखने को मिलेगा. पश्चिम बंगाल की झांकी लक्ष्मी भंडार और लोक प्रसार प्रकल्प - बंगाल में जीवन को सशक्त बनाना और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना विषय पर आधारित है. चंडीगढ़ की झांकी चंडीगढ़ : विरासत, नवाचार और स्थिरता का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण पर आधारित है. दिल्ली की झांकी में गुणवत्ता की शिक्षा दिखाई जाएगी. दादरा नगर हवेली और दमन एवं दीव की झांकी कुकरी मेमोरियल के साथ दमन एवियरी बर्ड पार्क - भारतीय नौसेना के बहादुर नाविकों को श्रद्धांजलि पर आधारित है।

ऑस्ट्रेलियन ओपनः

# ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे यानिक सिनर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिनर के सामने शुक्रवार को पुरुष एकल के सेमीफाइनल में 2023 अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनलिस्ट बेन शेलटन की चुनौती होगी, जिन्होंने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो सोनेगो को मात दी। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर काबिज यानिक सिनर ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यहां स्थानीय खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर को आसानी से हराकर अंतिम चार की टिकट पक्की की। सिनर के सामने शुक्रवार को पुरुष एकल के सेमीफाइनल में 2023 अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनलिस्ट बेन शेलटन की चुनौती होगी, जिन्होंने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो सोनेगो को मात दी।



मिनौर के साथ स्थानीय दर्शकों का समर्थन था लेकिन सिनर ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया और 6-3, 6-2, 6-1 की आसान जीत दर्ज की। इससे पहले अमेरिका के 22 साल के वामहस्त खिलाड़ी शेलटन ने इटली के गैरवरीय खिलाड़ी के खिलाफ 6-4, 7-5, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की। इस 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 144 मील प्रति घंटे (232 किलोमीटर प्रतिघंटे) की रफ्तार से सर्विस कर पहला सेट अपने नाम करने के साथ मौजूदा सत्र के सबसे तेज सर्विस की बराबरी की। शेलटन ने इस जीत के बाद कहा, राहत महसूस कर रहा हूं। मैं सोनेगो की तारीफ करना चाहूंगा, उसने भी कमाल का खेल दिखाया।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फखर जमान का जलवा, दुबई में खेली तूफानी पारी

- रोहित शर्मा के लिए न बन जाए सिरदर्द



**नइ दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने अब तक आधिकारिक तौर पर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम का ऐलान नहीं किया गया है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान टीम का हिस्सा होंगे। इस बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ही अपनी तूफानी बल्लेबाजी से रोहित शर्मा की टेंशन जरूर बढ़ गई है।

**डेजर्ट वाइपर्स के लिए खेलते हैं फखर जमान**

फखर जमान इस समय इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 में खेल रहे हैं। वह डेजर्ट वाइपर्स का हिस्सा हैं। गुरुवार को उनका सामना शारहजाह वॉरियर्स से था। शारजाह ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 रन बनाए थे। टीम के लिए जेसन रॉय ने सबसे ज्यादा 30 रन की पारी खेली थी।

**फखर जमान ने की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी**

91 रन का लक्ष्य डेजर्ट वाइपर्स ने 10 ओवर में ही हासिल कर लिया। टीम की ओपनिंग जोड़ी ने यह काम किया। फखर जमान ने ताबड़तोड़ अंदाज बल्लेबाजी की। इस पाकिस्तानी बल्लेबाज ने 39 गेंदों में 71 रन बनाए। इस पारी में सात चौके और चार छक्के जमाए। 182.05 के स्ट्राईक रेट से बल्लेबाजी की।

**रोहित शर्मा की बढ़ेगी टेंशन**

फखर जमान अगर पाकिस्तान की चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा हैं तो उनका यह फॉर्म रोहित शर्मा के लिए टेंशन बढ़ाने वाली बात है। खासतौर पर यह बात की फखर जमान ने यह पारी उसी मैदान पर खेली है जहां भारत को अपने चैंपियंस ट्रॉफी के मैच खेलने हैं। इससे पहले फखर जमान ने मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी वाली एमआई एमिरेट्स के खिलाफ पांच चौके और चार छक्के से 67 रन की पारी खेली। उनकी टीम डेजर्ट वाइपर्स ने 19.1 ओवरों में 161 रन बनाकर पांच विकेट से दमदार जीत हासिल कर ली थी। फखर टीम के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

चैम्पियंस लीगः

# रियाल मैड्रिड की साल्जबर्ग पर जीत

- मैनचेस्टर सिटी चैंपियंस लीग से बाहर होने के कगार पर,



**लंदन, एजेंसी।** पीएसजी ने पेरिस में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी को 4-2 से पराजित किया। इस जीत के बावजूद पीएसजी पर बाहर होने का खतरा बना हुआ है।

यूएफा चैंपियंस लीग में उस वक्त फैंस हैरान रह गए जब बुधवार को मैनचेस्टर सिटी को पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पीएसजी से मिली करारी हार के बाद सिटी चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया है। वहीं, रियाल मैड्रिड पर साल्ज़बर्ग को हराने के बाद अब ऐसा कोई खतरा नहीं है। पीएसजी ने पेरिस में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी को 4-2 से पराजित किया। इस जीत के बावजूद पीएसजी पर बाहर होने का खतरा बना हुआ है। इस टूर्नामेंट में 36 टीम भाग ले रही हैं जिनमें से 24 टीम ही अगले दौर में प्रवेश करेंगी। मैनचेस्टर सिटी अभी 25वें जबकि पीएसजी 22वें स्थान पर है। मैनचेस्टर सिटी को नॉकआउट प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपने अगले मैच में क्लब ब्रुग को हर हाल में हराना होगा। पीएसजी को भी अगले दौर के मैच में 24वें स्थान पर काबिज स्टटगार्ट पर जीत हासिल करने की जरूरत पड़ेगी।

इस बीच पिछले सत्र में रिकॉर्ड 15वां यूरोपीय खिताब जीतने वाले रियाल मैड्रिड ने नॉकआउट चरण में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। बुधवार को खेले गए मैच से पहले रियाल मैड्रिड 22वें स्थान पर था लेकिन साल्ज़बर्ग को 5-1 से हराकर वह 16वें स्थान पर पहुंच गया।

आर्सेनल और इंटर मिलन अपने-अपने मैच जीतकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। लिवरपूल और बार्सिलोना पहले दो स्थान पर काबिज हैं। आर्सेनल ने डिनामो ज़ाग्रेब को 3-0 से और इंटर ने स्पार्टा प्राग को 1-0 हराया। इससे दोनों के 16 अंक हो गए, जो नौवें स्थान पर मौजूद एस्टन विला से तीन अंक आगे है। एसी मिलान ने एक अन्य मैच में गिरोना को 1-0 से पराजित किया जिससे वह छठे स्थान पर पहुंच गया है लेकिन बायर्न म्यूनिख को फेयेनोर्ड से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह 15वें स्थान पर खिसक गया।

# महाराष्ट्र के अंकित बावने पर लगा बैन

## रणजी ट्रॉफी में असहमति जताने पर बड़ी कार्रवाई

**नासिक (महाराष्ट्र)एजेंसी।** महाराष्ट्र के बल्लेबाज अंकित बावने को रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान असहमति जताने पर एक मैच का निलंबन मिला है। रिपोर्ट के अनुसार नासिक में बड़ौदा के खिलाफ छठे दौर के ग्रुप ए मुकाबले से पहले टीम को यह फैसला सुनाया गया।



महाराष्ट्र के पांचवें दौर के खेल के दौरान सर्विसेज के खिलाफ स्टैंड-इन कप्तान के रूप में काम कर रहे बावने ने आउट घोषित होने के बाद मैदान छोड़ने से इनकार कर दिया जबकि स्पष्ट सबूतों से पता चला कि शुभम रोहिल्ला द्वारा स्पिनर अमित शुक्ला की गेंद पर कैच पूरा करने से पहले गेंद उछल गई थी। मैच का सीधा प्रसारण होने के कारण डिसीजन रिव्यू सिस्टम उपलब्ध नहीं होने के कारण बावने अंपायर के फैसले को चुनौती नहीं दे पाए। अंकित बावने के विरोध के कारण खेल में लगभग 15 मिनट की देरी हुई जिसके बाद मैच रेफरी अमित शर्मा और महाराष्ट्र के कोच सुलक्षण कुलकर्णी के हस्तक्षेप के बाद खेल फिर से शुरू हुआ।

इस मामले ने तब और तूल पकड़ा जब महाराष्ट्र के नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने सोशल मीडिया पर विवादास्पद आउट होने के रिप्ले साझा किए। कुलकर्णी ने कहा, खिलाड़ियों पर जुर्माना और फटकार लगाई जाती है, लेकिन अंपायरों के उचित मूल्यांकन के बारे में क्या कहा जाए।

एक ही गलती करने वाले अंपायर क्यों लगातार अंपायरिंग करते रहते हैं और खेल बिगाड़ते रहते हैं? जब इस तरह की गलतियां होती हैं, तो गुस्सा जायज है।

चेस रैंकिंगः

# ताजा रैंकिंग में गुकेश चौथे स्थान पर, सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय बने

**विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड), एजेंसी।** टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में अभी आठ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है। गुकेश दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ हमवतन आर प्रज्ञानंद और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से पीछे संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने नाम पर नित नई उपलब्धियां दर्ज करने का क्रम जारी रखा है और वह गुरुवार को फिडे (विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था) की ताजा रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचकर अर्जुन एरिगैसी की जगह भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन गए। गुकेश ने अपनी समझबूझ और तकनीकी खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर अपने अंकों की संख्या 3.5 अंक तक पहुंचा दी। उन्होंने इस प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत भी दर्ज की। हाल में भारत के सर्वोच्च खेल पुरस्कार ध्यान चंद खेल रत्न को प्राप्त करने वाले गुकेश के अब 2784 रेटिंग अंक हो गए हैं, जबकि पिछले कुछ समय से भारत के नंबर एक खिलाड़ी रहे एरिगैसी 2779.5 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन 2832.5 अंकों के साथ निर्विवाद रूप से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। उनके बाद अमेरिका के दो खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा (2802) और फैबियानो कारुआना (2798) का नंबर आता है।



**एरिगैसी ने पिछले साल किया था ऐसा**

गुकेश ने पिछले साल दिसंबर में सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीता था। एरिगैसी पिछले साल सितंबर में भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने इसके बाद दिसंबर में अपनी सर्वोच्च रेटिंग 2801 हासिल की थी।

रंजी ट्रॉफीः

# गुजरात के 21 साल के स्पिनर ने झटके 9 विकेट, विरोधी टीम को 111 रन पर समेटा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी 2024-25 के इस सीजन में एलीट ग्रुप बी के लीग मैच में गुजरात का सामना उत्तराखंड के साथ है। इस मुकाबले में उत्तराखंड के कप्तान समर्थ आर ने टॉस जीता था और फिर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन उनका ये फैसला उनकी टीम के हक में नहीं गया।

गुजरात के खिलाफ उत्तराखंड की टीम 111 रन पर आउट हो गई और इसमें सबसे बड़ा योगदान गुजरात के 21 साल के युवा स्पिनर आर्या देसाई का रहा जो पहली पारी में 10 विकेट लेने से चूक गए, लेकिन उन्होंने 9 विकेट हासिल किए और उत्तराखंड की टीम को पूरी तरह से बैकफुट पर ला दिया।

गुजरात के गेंदबाजी आर्या देसाई ने उत्तराखंड के खिलाफ कमाल की गेंदबाजी की और अपने स्पैल में उन्होंने 15 ओवर फेंके और इस दौरान 5 ओवर मेडन फेंका। वहीं इन ओवर्स में आर्या ने सिर्फ 39 रन दिए और 9 विकेट झटके। आर्या देसाई ने उत्तराखंड के शीर्ष 9 बल्लेबाजों को आउट किया। इस टीम का सिर्फ एक विकेट विशाल जायसवाल ने लिया। पहली पारी में आर्या देसाई का इकानॉमी रेट महज 2.40 का रहा।

आर्या देसाई ने अपनी गेंदबाजी के दौरान उत्तराखंड के तीन बल्लेबाजों को डक पर आउट किया जिसमें कप्तान समर्थ आर, युवराज चौधरी और अभय नेगी शामिल थे। इस टीम की तरफ से सबसे बड़ी पारी शाश्वत डांगवाल ने खेली और उन्होंने एक छक्का और 5 चौकों की मदद से नाबाद 35 रन की पारी खेली जबकि ओपनर बैटर अवनीश सुधा ने टीम के लिए 30 रन की पारी खेली। कुणाल चंदेला ने इस मैच की पहली पारी में टीम के लिए 12 रन का योगदान दिया।

# माइकल क्लार्क को ऑस्ट्रेलिया के हॉल ऑफ फेम में किया गया शामिल

**सिडनी, एजेंसी।** माइकल क्लार्क को गुरुवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया, जिससे वह यह सम्मान पाने वाले 64वें क्रिकेटर बन गए। 43 वर्षीय पूर्व कप्तान का 12 साल का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा, इस दौरान उन्होंने 115 टेस्ट, 245 वनडे और 34 टी20 मैच खेले और 17,000 से अधिक रन बनाए।

कप्तान के रूप में क्लार्क ने 47 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया, जिसमें 2013-14 में 5-0 की यादगार एशेज जीत भी शामिल है। उन्होंने संन्यास लेने से कुछ समय पहले 2015 में घरेलू मैदान पर टीम को ऐतिहासिक एकदिवसीय विश्व कप जीत दिलाई। क्लार्क की बल्लेबाजी में 28 टेस्ट शतक शामिल हैं, जो किसी आस्ट्रेलियाई द्वारा बनाया गया छठा सबसे बड़ा शतक है, जिसमें भारत के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में 329 रन की शानदार पारी, बेंगलुरू में 151 रन की पहली शतकीय पारी, केपटाउन में शानदार 151 रन तथा फिलिप ह्यूज की दुखद मौत के बाद एडिलेड में खेली गई 128 रन की पारी शामिल है। क्लार्क ने कहा, इतने सारे शानदार खिलाड़ियों, आदर्शों, रोल मॉडल के साथ बैठना और बचपन में उनसे प्रेरणा लेना मेरे लिए सम्मान की बात है। रिटायरमेंट आपके लिए बहुत कुछ करता है। आजकल क्रिकेट देखने के दौरान आप कुछ हिस्सों को मिस करते हैं।



जब आप उच्चतम स्तर पर खेलते हैं, तो लोग आपके अंतरराष्ट्रीय करियर के बारे में बात करते हैं, लेकिन मेरे लिए यह छह साल की उम्र में शुरू हुआ। मैंने 34 साल की उम्र में रिटायरमेंट ले लिया था, इसलिए यह मेरी जिंदगी थी। यह अभी भी मेरी जिंदगी का हिस्सा है। क्रिकेट शायद सामान्य जीवन के समान ही है। आप मैदान पर उतरते हैं और 100 रन बनाते हैं और फिर बल्ला उठाते हैं।

फिर आप फील्डिंग के लिए जाते हैं, स्लिप में फील्डिंग करते हैं और खेल की दूसरी गेंद पर कैच छोड़ देते हैं।

हॉल ऑफ फेम के चेयरमैन पीटर किंग ने इस अवसर पर कहा, माइकल का असाधारण प्रथम श्रेणी खेल करियर मात्र 17 वर्ष की उम्र में एससीजी में शुरू हुआ, यही वह स्थान है, जहां उन्होंने कई उपलब्धियां हासिल की। जिसमें 2012 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में लगाया गया तिहरा शतक भी शामिल है।माइकल के करियर को ऑस्ट्रेलियाई जनता हमेशा याद रखेगी और उनका स्थान शीर्ष खिलाड़ियों में शुमार रहेगा।

# अंडर 19 विश्व कप - आयरलैंड की पाकिस्तान पर सनसनीखेज जीत

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश, इंग्लैंड और आयरलैंड ने 2025 आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में जीत दर्ज करके यादगार दिन मनाया। हालांकि, सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि आयरलैंड ने बारिश की देरी को पार करते हुए बारिश से प्रभावित मुकाबले में पाकिस्तान को 13 रनों से हराया और सुपर सिक्स चरण के लिए क्वालीफाई किया। आयरलैंड ने नौ ओवर के खेल में 69/5 रन बनाए और पाकिस्तान को 59/7 के जवाब पर रोक दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि वे ग्रुप बी से आगे बढ़ गए और पाकिस्तान को 13वें स्थान के प्ले-ऑफ में पहुंचा दिया।

जोहोर क्रिकेट अकादमी ओवल में, एलिस वाल्श ने आयरलैंड के लिए 31 रन की पारी में चार चौके लगाकर शानदार बल्लेबाजी की, जबकि एली मैक्गी ने 13 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में, पाकिस्तान दो ओवर में 24/0 के स्कोर पर ड्राइवर की सीट पर था, लेकिन घबराहट तब शुरू हुई जब उनके शीर्ष चार बल्लेबाजों में से तीन रन आउट हो गए जबकि अन्य चार बल्लेबाजों के स्टंप उखड़ गए।

सारावाक में, दक्षिण अफ्रीका ने बारिश की देरी को दरकिनार करते हुए ग्रुप सी में तीन में से तीन जीत दर्ज की, जिसमें नाइजीरिया पर 41 रन की जीत दर्ज की, जिसने पहली बार सुपर सिक्स चरण के लिए भी क्वालीफाई किया। सिमोन लौरेंस ने 25 रन बनाए और कराबो मेसो के आखिरी ओवर में दो चौके लगाकर उन्हें आठ ओवर में 49/2 रन बनाने में मदद की। जवाब में, लेग स्पिनर सेशनी नायडू ने दोहरे विकेट के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जिससे नाइजीरिया 23/8 पर सिमट गया। प्रोटियाज की तरह, ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में अपना शानदार रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए कुआलालंपुर में नेपाल को 83 रनों से हराया। नेपाल इस टूर्नामेंट में पावरप्ले गेंदबाजी में सबसे आगे रहा है .

# अभिषेक शर्मा ने लक्ष्य का पीछा करते लगाए सबसे अधिक छक्के

## रोहित-विराट-सूर्यकुमार सहित सभी पीछे

**कोलकाता, एजेंसी।** अभिषेक शर्मा ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20आई में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 20 गेंदों में अर्धशतक जड़ा और टी20आई में लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मैच में भारत के स्पिनरों ने पहली पारी में दबदबा बनाया और इंग्लैंड को सिर्फ 132 रनों पर ढेर कर दिया।

वरुण चक्रवर्ती (3/23) और अक्षर पटेल (2/22) ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा जिसमें केवल इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ही उनका प्रतिरोध कर पाए। चक्रवर्ती की गेंद पर आउट होने से पहले बटलर ने 44 गेंदों में 68 रनों की पारी खेली।

मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सिर्फ 12.5 ओवर में 7 विकेट रहते जीत हासिल कर ली। इस आक्रमण का नेतृत्व अभिषेक शर्मा ने किया जिन्होंने सिर्फ 34 गेंदों पर 79 रन बनाए। उनकी धमाकेदार पारी में 8 छक्के शामिल थे, जिसने टी20आई में लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी भारतीय द्वारा लगाए गए सर्वाधिक छक्कों का नया रिकॉर्ड बनाया।



संजू सैमसन (20 में से 26) और तिलक वर्मा (16 में से 19) ने बहुमूल्य समर्थन प्रदान किया क्योंकि भारत ने आराम से लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक के छक्के मारने की होड़ में आदिल राशिद के खिलाफ तीन, मार्क वुड के खिलाफ दो और जोफ्रा आर्चर, जेमी ओवरटन और गस एटकिंसन के खिलाफ एक-एक छक्का शामिल था।

उनके आठ छक्कों की संख्या ने टी20आई में लक्ष्य का पीछा करते हुए छह छक्कों के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जो संयुक्त रूप से रोहित शर्मा (दो बार हासिल किया), सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली, तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल और अक्षर पटेल के नाम है। पूर्ण सदस्य देशों के खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका के रिचर्ड लेवी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 13 छक्के लगाकर यह रिकॉर्ड बनाया है।

टी20आई प्रारूप में भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाजों द्वारा इंग्लिश गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाना एक प्रेम प्रसंग रहा है, जो 2007 के टी20 विश्व कप में युवराज सिंह के कारनामों से प्रसिद्ध हुआ।

# रोहित की रणजी ट्रॉफी वापसी 3 रन पर समाप्त

**मुंबई, एजेंसी।** रोहित शर्मा की रणजी ट्रॉफी में बहुप्रतीक्षित वापसी अल्पकालिक रही, गुरुवार को शरद पवार अकादमी में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ मुंबई के ग्रुप ए के मुकाबले में उन्होंने सिर्फ 19 गेंदों पर तीन रन बनाए। अपने खराब फॉर्म के कारण जांच के घेरे में आए भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान पिछले हफ्ते चैंपियंस ट्रॉफी टीम की घोषणा के दौरान अपनी भागीदारी की पुष्टि करने के बाद सुर्खियों में थे।



मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करने वाले रोहित मैच से पहले शांत स्वभाव के बावजूद केंद्रित दिखे। हालांकि, उनका खेल संक्षिप्त रहा। जम्मू और कश्मीर के उमर नजीर मीर ने अनुशासित लाइन और सूक्ष्म मूवमेंट के साथ लगातार मेडन से रोहित को परेशान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### वांग यी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामले के सलाहकार के साथ वार्ता की



**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने 21 जनवरी को पेइचिंग में बांलादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामले पर सलाहकार तौहीद हुसैन के साथ वार्ता की। वांग यी ने कहा कि वर्तमान वर्ष चीन बांग्लादेश राजनयिक संबंध स्थापना की 50वीं वर्षगांठ है और चीन बांग्लादेश जन आवाजाही वर्ष भी है। चीन बांग्लादेश के साथ परंपरागत मित्रता बनाए रखकर रणनीतिक संवाद मजबूत करना, व्यावहारिक सहयोग गहराना, गुणवत्ता से बेल्ट एंड रोड का सहनिर्माण करना चाहता है ताकि चीन बांग्लादेश सर्वांगीण रणनीतिक सहयोग साझेदारी के विकास को बढ़ावा मिले। चीन बांग्लादेश द्वारा राष्ट्रीय स्वतंत्रता, प्रभुसत्ता और स्वाभिमान की सुरक्षा करने और अपनी स्थिति से मेल खाने वाला विकास का रास्ता निकालने का समर्थन करता है। तौहीद ने कहा कि चीन के प्रति मैत्रीपूर्ण संबंध बरकरार रखना बांग्लादेश की विभिन्न पार्टियों का समान विचार है, जिसे सरकार और जनता का समर्थन मिला है। बांग्लादेश चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध नई मंजिल पर पहुंचाने को तैयार है।

### जर्मनी में अफगान व्यक्ति ने चाकू से किया हमला, बच्चे समेत दो लोगों की मौत; आरोपी गिरफ्तार

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक अफगान व्यक्ति ने चाकू से हमला कर बच्चें समेत दो लोगों की हत्या कर दी। साथ ही इस हमले में तीन लोग के घायल होने की भी खबर सामने आ रही है। मारे गए लोगों में एक दो साल का बच्चा और 41 साल का एक जर्मन व्यक्ति शामिल है। वहीं बात अगर घायल व्यक्तियों की करें तो हमले में एक 72 साल का जर्मन व्यक्ति, 59 साल की जर्मन महिला और 2 साल की सीरियाई लड़की भी घायल हो गई। दक्षिणी जर्मनी के असचफेनबर्ग में एक पार्क में हुए इस चाकू कांड का हमलावर अब पुलिस के गिरफ्त में है। हमलावर की पहचान को लेकर पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावर एक 28 साल का अफगान व्यक्ति था, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि हमले के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध मानसिक रूप से बीमार हो सकता है। उसने पहले भी हिंसक अपराधों के लिए पुलिस का ध्यान खींचा था और उसे इलाज दिया गया था। वह नवंबर 2022 में जर्मनी आया था और शरण मांगी थी, लेकिन उसे पिछले महीने देश छोड़ने के लिए कहा गया था। गौरतलब है कि यह हमला उस समय हुआ है जब जर्मनी पहले से ही एक अन्य हमले के कारण अलर्ट पर था, जिसमें एक ड्राइवर ने क्रिसमस बाजार में कार घुसाकर छह लोगों को मार डाला और लगभग 300 को घायल कर दिया। इस घटना ने जर्मनी में प्रवासन नीति को लेकर और कड़े कदम उठाने की मांग को बढ़ा दिया है।

### ट्रम्प सरकार के पहले दिन 308 अवैध प्रवासी गिरफ्तार: इन पर हत्या, रेप, किडनैपिंग के आरोप



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पदभार संभालने के पहले दिन (मंगलवार) इमीग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट (ड्ढष्श्च) ने 308 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। द न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक सीमा सुरक्षा अधिकारी टॉम होमन ने यह खुलासा किया है। ये गिरफ्तारियां देश के हर हिस्से से हुई हैं। इन अवैध प्रवासियों में से ज्यादातर अपराधी हैं। इनमें से कुछ पर अपहरण, हत्या और बलात्कार के आरोप हैं। होमन ने बुधवार को कहा कि इमीग्रेशन अधिकारियों ने उन अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है जो देश के लिए खतरा पैदा करते हैं। इनकी आबादी 7 लाख से ज्यादा है। बांग्ला अखबार प्रथोम अलो की रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन पकड़े गए लोगों में 4 बांग्लादेशी नागरिक हैं। इन्हें न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन बरो फुल्टन इलाके से गिरफ्तार किया गया है। अवैध प्रवासियों को पकड़ने के लिए देशभर में छापेमारी जारी रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के कई राज्यों में छापेमारी जारी है और बड़े पैमाने पर अप्रवासियों से पूछताछ की जा रही है। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के कुछ ही दिन बाद ट्रम्प ने इमिग्रेशन और कस्टम एनफोर्समेंट के पूर्व प्रमुख टॉम होमन को 'बॉर्डर जार(सीमा सुरक्षा अधिकारी)' नियुक्त किया था। होमन ने पिछले सप्ताह ऐलान किया था कि ट्रम्प के शपथ ग्रहण के अगले दिन वे देशभर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू करेंगे और हिना दस्तावेज वाले अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करेंगे। सोमवार को शपथ लेने के बाद ट्रम्प ने कई एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर दस्तखत किए। इनमें से अवैध प्रवासियों की एंट्री रोकने और सीमा पर सुरक्षा कड़ी करने जैसे आदेश थे। ट्रम्प ने शपथ के दौरान भी अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकालने की बात कही थी।

# माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना हुआ 36 फीसदी महंगा, नेपाल ने बढ़ाई फीस



**काठमांडू, एजेंसी।** अधिकारियों ने बताया कि नेपाल ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए परमिट शुल्क में 36 प्रतिशत की भारी वृद्धि की है. दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर कचरा प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से कई उपाय भी शुरू किए हैं. संशोधित पर्वतारोहण नियमों के तहत, वसंत ऋतु (मार्च-मई) में सामान्य दक्षिण मार्ग से एवरेस्ट पर चढ़ने वाले विदेशियों के लिए रॉयल्टी शुल्क मौजूदा 11,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति से बढ़ाकर 15,000 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है.

शरद ऋतु (सितंबर-नवंबर) के लिए चढ़ाई शुल्क 5,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 7,500 अमेरिकी डॉलर हो गया है. वहीं, सर्दियों (दिसंबर-फरवरी) और मानसून (जून-अगस्त) के लिए प्रति व्यक्ति परमिट शुल्क 2,750 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 3,750 अमेरिकी डॉलर हो गया है. पर्यटन बोर्ड की निदेशक आरती नेउपाने ने कहा कि इस संबंध में मंत्रिमंडल का निर्णय पहले ही हो चुका है, हालांकि आधिकारिक घोषणा अभी होनी है. उन्होंने कहा कि 8848.86 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ने के लिए नई फीस 1 सितंबर, 2025 से लागू होगी. मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित संशोधित नियम नेपाल राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद प्रभावी हो जाएंगे. हालांकि, उन्होंने कहा कि एवरेस्ट पर चढ़ने के इच्छुक नेपाली पर्वतारोहियों के लिए रॉयल्टी को मौजूदा 75,000 रुपये से दोगुना बढ़ाकर शरद ऋतु के लिए 150,000 रुपये कर दिया जाएगा. पिछली रॉयल्टी फीस में संशोधन 1 जनवरी, 2015 को किया गया था, जब सरकार ने समूह-आधारित प्रणाली से सामान्य मार्ग से वसंत ऋतु के लिए प्रति पर्वतारोही 11,000 अमेरिकी डॉलर के एक समान शुल्क पर स्विच किया था. पहले 75 दिनों के लिए वैध चढ़ाई परमिट अब 55 दिनों तक सीमित रहेंगे. काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, वैधता में कमी का उद्देश्य चढ़ाई गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना है. पर्यटन मंत्रालय की संयुक्त सचिव इंदु घिमिरे ने कहा कि वसंत 2025 अभियान के लिए पहले से ही पुष्टि की गई बुकिंग इस बदलाव से प्रभावित नहीं होगी. घिमिरे के अनुसार, नियमों में कचरा प्रबंधन, उच्च ऊंचाई वाले श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और सरकारी राजस्व को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है. संशोधित नियमों के अनुसार, आगामी वसंत ऋतु से, एवरेस्ट पर्वतारोहियों को अपने मल को उचित निपटान के लिए बेस कैंप में वापस लाना होगा. पर्वतारोहियों को ऊपरी इलाकों में कचरा इकट्ठा करने के लिए बायोडिग्रेडेबल बैग ले जाना चाहिए. बेस कैंप में आमतौर पर अभियान के दौरान मानव अपशिष्ट एकत्र करने के लिए बैरल के साथ शौचालय टेंट होते हैं. हालांकि, उच्च शिविरों में, केवल कुछ एजेंसियां ही ऐसी सुविधाएं प्रदान करती हैं, जबकि अन्य गड्ढों पर निर्भर हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत कम पर्वतारोही शिखर से अपशिष्ट परिवहन के लिए बायोडिग्रेडेबल बैग का उपयोग करते हैं. पिछले वसंत में, खुंबू पासंग ल्हामू ग्रामीण नगर पालिका की स्थानीय सरकार ने कचरा मुद्दे को संबोधित करने की अपनी पहल के हिस्से के रूप में बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट बैग के उपयोग को लागू किया. इसने 1,700 पूप बैग बेचे. यह पहल अब 8,000 मीटर से अधिक ऊंची चोटियों पर चढ़ने वाले पर्वतारोहियों के लिए अनिवार्य कर दी गई है. अनिवार्य अपशिष्ट संग्रह एवरेस्ट क्षेत्र में पर्यावरण क्षरण को संबोधित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है. पर्वतारोही लंबे समय से अस्थिर प्रथाओं पर निर्भर रहे हैं, दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित स्थानों में से एक में त्यागे गए ऑक्सीजन कनस्तरों, परित्यक्त टेंट, खाद्य पैकेजिंग और मानव अपशिष्ट सहित कचरा जमा करते हैं. ऐसी प्रथाओं ने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को धूमिल किया है. स्थानीय समुदायों के लिए स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा किए हैं. नए नियमों के अनुसार, पर्वतारोहियों को पर्यटन विभाग द्वारा जारी किए गए उनके परमिट दस्तावेजों में सूचीबद्ध नहीं की गई वस्तुओं को ले जाने से रोक दिया गया है. पिछले साल के वसंत पर्वतारोहण के मौसम के दौरान, शुल्क देने वाले व्यक्तियों के लिए 421 परमिट जारी किए गए थे. 200 विदेशियों सहित लगभग 600 पर्वतारोही शिखर पर पहुंचे।

## व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर स्पेनिश भाषा का पेज बंद, ट्रंप प्रशासन के फैसले से हिस्पैनिक समुदाय में निराशा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के कुछ ही घंटों के भीतर, नए प्रशासन ने आधिकारिक व्हाइट




हाउस वेबसाइट के स्पेनिश-भाषा के पेज को हटा दिया। इस साइट के स्पेनिश पेज पर जाने पर यूजर्स को एरर 404 मैसेज मिलता है। इसमें एक गो होम बटन भी शामिल था जो यूजर को ट्रंप के पहले कार्यकाल और अभियान के दौरान के वीडियो मोंटाज वाले पेज पर ले जाता था। बाद में बटन को गो टू होम पेज में अपडेट किया गया जो यूजर को व्हाइट हाउस के होमपेज पर ले जाता है। व्हाइट हाउस के स्पेनिश एक्स अकाउंट को भी बंद कर दिया गया है। इस बीच, श्रम, न्याय और कृषि विभाग जैसी अन्य सरकारी एजेंसियों के स्पेनिश संस्करण मंगलवार को यूजर्स के लिए उपलब्ध रहे। अमेरिका स्पेनिश भाषा बोलने वाला हिस्पेनिक समुदाय इससे निराश है। मीडिया रिपोट्स के मुताबिक हिस्पैनिक ग्रुप्स और अन्य लोगों ने अचानक हुए बदलाव पर भ्रम व्यक्त किया और प्रशासन द्वारा लैटिनो समुदाय के साथ संवाद बनाए रखने के प्रयासों की कमी पर निराशा जाहिर की। ऐसा माना जाता है कि हिस्पैनिक समुदाए ने इस बार चुनाव में ट्रंप को बड़े स्तर पर समर्थन दिया है। 2023 की जनगणना ब्यूरो के अनुमान के अनुसार, लगभग 43.4 मिलियन अमेरिकी [5 वर्ष और उससे अधिक आयु की अमेरिकी आबादी का 13.7प्रतिशत घर पर स्पेनिश बोलते हैं। अमेरिका की कोई आधिकारिक भाषा नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक परिवर्तनों के बारे में पूछे जाने पर, व्हाइट हाउस के प्रमुख उप प्रेस सचिव हैरिसन फील्ड्स ने मंगलवार को जवाब दिया कि प्रशासन वेबसाइट के स्पेनिश अनुवाद अनुभाग को फिर से ऑनलाइन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। फील्ड्स ने बिना विस्तार से बताए कहा, यह दूसरा दिन है। हम व्हाइट हाउस की वेबसाइट को विकसित करने, संपादित करने और उसमें सुधार करने की प्रक्रिया में हैं। इस चल रहे काम के हिस्से के रूप में, वेबसाइट पर संग्रहीत कुछ सामग्री निष्क्रिय हो गई थी।

## ट्रंप का आदेश, 25,000 से अधिक अफगान शरणार्थियों का भविष्य अंधेरे में

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शरणार्थी कार्यक्रम को निलंबित करने का कार्यकारी आदेश जारी किया है। उनके इस कदम ने पाकिस्तान में रहने वाले हजारों अफगानों के भाग्य पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। अमेरिकी शरणार्थी कार्यक्रम के तहत अफगानिस्तान से भागकर पाकिस्तान में रह रहे 25,000 से अधिक अफगान नागरिकों को अंततः अमेरिका में बसाया जाना था। ये वे लोग थे जो तालिबान शासित अफगानिस्तान से भागकर पाकिस्तान में आए थे और वर्षों से अमेरिका में पुनर्वास का इंतजार कर रहे थे। पाकिस्तान सरकार और बाइडेन प्रशासन के बीच हुए समझौते के अनुसार, दोनों देशों के बीच यह सहमति बनी थी कि 25,000 से अधिक अफगानों - को बाद में अमेरिका में बसाया जाएगा। इनमें से अधिकांश ने अगस्त 2021 में तालिबान के काबुल की सत्ता पर कब्जे से पहले अमेरिकी सेना और उसके ठेकेदारों के साथ काम किया था इस्लामाबाद को शुरू में उम्मीद थी कि यह समझौता अफगान नागरिकों के देश में अस्थायी प्रवास के लिए होगा। हालांकि, पिछले साढ़े तीन वर्षों से इस पर कोई प्रगति नहीं हुई है। वरिष्ठ रणनीतिक विश्लेषक कामरान यूसुफ ने कहा, बाइडेन प्रशासन ने पाकिस्तान को आश्वासन दिया था कि विशेष अप्रवासी वीजा (एसआईवी) और अमेरिकी शरणार्थी प्रवेश कार्यक्रम (यूएसआरएपी) जैसी पहलों के माध्यम से अफगानों को फिर से बसाया जाएगा।

# राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प का पहला इंटरव्यू: कहा- मैंने बाइडेन की तरह अपने लोगों को माफी नहीं दी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रम्प ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद बुधवार को पहला इंटरव्यू दिया। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में बाइडेन सरकार पर कई तंज किए। उन्होंने कहा कि मैंने अपने लोगों को बाइडेन की तरफ राष्ट्रपति रहते माफी नहीं दी। ट्रम्प ने कहा कि जब मैं पहली बार राष्ट्रपति था तो मेरे कार्यकाल के अंतिम दिनों में मुझसे से भी पूछा गया था कि क्या मैं खुद को और अपने लोगों को माफी देना चाहूंगा?

ट्रम्प ने कहा- तब मैंने कहा कि मैं किसी को माफ नहीं करूंगा, हमने कुछ भी गलत नहीं किया। हमारे लोगों ने कई तकलीफें झेली, वे बहादुर देशभक्त हैं। दरअसल जो बाइडेन ने राष्ट्रपति रहते अपने बेटे हंटर, भाई जेम्स और उनकी पत्नी सारा, भाई फ्रांसिस, बहन वेलेरी और उनके पति जॉन ओवेन्स को माफी दे दी थी। बाइडेन का कहना था कि सिर्फ उन्हें परेशान करने के लिए उनके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है।

ट्रम्प से जब पूछा गया कि उन्हें राष्ट्रपति ऑफिस में वापस लौटकर कैसा लग रहा है। इस पर उन्होंने कहा यहां बहुत काम बाकी था। अगर मैं 2020 में दोबारा राष्ट्रपति बन जाता तो बहुत सारा काम तब ही खत्म हो जाता। ट्रम्प ने आगे कहा अगर मैं 2020 में भी राष्ट्रपति बनता तो हमारे देश में महंगाई नहीं होती, अफगानिस्तान जैसा संकट नहीं होता, 7 अक्टूबर को इजराइल जैसी घटना नहीं होती और यूक्रेन में युद्ध नहीं होता। हमें अमेरिका की बहुत सी परेशानियों का हल ढूंढना है



राष्ट्रपति ट्रम्प ने अमेरिकी संसद में अपनी रिपब्लिकन पार्टी का हवाला देते हुए कहा कि हमें अमेरिका की बहुत सारी परेशानियां का हल ढूंढना है और इनका हल ढूंढा भी जा सकता है। इसके लिए बस समय, मेहनत और पैसे की जरूरत होगी। उन्होंने कहा- अगर हम यह चुनाव हार गए होते तो हमारा देश हमेशा के लिए खो गया होता। अब हम अपना देश वापस पा सकते हैं। ट्रम्प ने कहा हमें उन शहरों को दी जाने वाली धनराशि में कटौती करनी पड़ेगी जो अप्रवासियों को डिपोर्ट करने के कानून को लागू करने में हमारी सरकार की मदद नहीं कर रहे हैं। मुझे सच में ऐसा करना पड़ सकता है। कभी-कभी यही एकमात्र तरीका होता है जो हम कर सकते हैं। ट्रम्प ने टिकटॉक से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं को खारिज किया टिकटॉक ऐप से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं को खारिज करते हुए ट्रम्प ने कहा- आप चीन में बनी हर चीज के बारे में ऐसा कह सकते हैं। उन्होंने कहा- हमारे पास चीन में बनी बहुत सी चीजें हैं। विपक्षी उनका जिक्र क्यों नहीं करते? लेकिन ञ्जद्बद्मञ्जश्द्म के साथ दिलचस्प बात यह है कि इसके जरिए बहुत से युवाओं के साथ काम कर रहे हैं। अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने वाला बिल पास दूसरी तरफ अमेरिकी संसद में ट्रम्प की पार्टी को पहली विधायी जीत मिली है। अमेरिकी संसद कांग्रेस ने एक बिल को मंजूरी दे दी है। इसके तहत बिना अनुमति देश में घुसने वाले और कुछ अपराधों के आरोप में पकड़े गए अप्रवासियों को हिरासत में लेकर डिपोर्ट करना जरूरी होगा। इस बिल का नाम जॉर्जिया राज्य के 22 साल छात्र के नाम पर लेकेन रिले एक्ट रखा गया है। पिछले साल वेनेजुएला के एक अवैध प्रवासी ने इस छात्र की रनिंग करते समय हत्या कर दी गई थी।

## एलन मस्क और सैम ऑल्टमैन के बीच सोशल मीडिया पर स्टारगेट को लेकर छिड़ी बहस

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** एक्सएआई के मालिक एलन मस्क और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन एक्स पर भिड़ गए हैं। ये लड़ाई स्टारगेट प्रोजेक्ट को लेकर हो रही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, ओपनएआई ने मंगलवार को कहा कि वह सॉफ्टबैंक और ओरेकल के साथ मिलकर अमेरिका में एआई के लिए कई डेटा सेंटर बनाएगी। दोनों कम्पनियों को उम्मीद है कि वे स्टारगेट के लिए शुरू में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगी तथा अगले चार वर्षों में इस उद्यम में 500 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगी। संयुक्त बयान में कहा गया, सॉफ्टबैंक और ओपनएआई स्टारगेट के प्रमुख भागीदार हैं, सॉफ्टबैंक के पास वित्तीय जिम्मेदारी है और ओपनएआई के पास परिचालन जिम्मेदारी है। मस्क ने मंगलवार को एक्स पर कई पोस्ट में लिखा, वास्तव में उनके पास पैसा नहीं है। सॉफ्टबैंक ने 10 बिलियन डॉलर से कम की रकम सुरक्षित कर ली है। मुझे इस बारे में अच्छे स्रोत से जानकारी मिली है। ऑल्टमैन ने बुधवार को एक एक्स पोस्ट में मस्क पर पलटवार किया। मस्क के इस आरोप पर कि सॉफ्टबैंक के





पास पूंजी की कमी है, जवाब देते हुए ऑल्टमैन ने कहा, गलत जानकारी, और आप ये निश्चित रूप से जानते हैं। मुझे एहसास है कि जो देश के लिए अच्छा है वह हमेशा आपकी कंपनियों की इच्छा के अनुरूप नहीं होता लेकिन आपको जो नई जिम्मेदारी मिली है उससे मुझे उम्मीद है कि आप अमेरिका को सबसे पहले रखेंगे। ओपनएआई की तरह एक्सएआई भी अपने एआई सिस्टम को विकसित करने के लिए बुनियादी ढांचे की तलाश में है। टेकक्रंच की एक रिपोर्ट के अनुसार, अनुमान है कि मस्क की कंपनी ने मेम्फिस में अपने एकल डेटा सेंटर पर 12 अरब डॉलर खर्च किए हैं और सुविधा को अपग्रेड करने में अरबों डॉलर और खर्च कर सकती है। मस्क, जो ओपनएआई के शुरुआती निवेशक और बोर्ड के सदस्य हैं, ने पिछले साल ऑल्टमैन की कंपनी पर मुकदमा दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने लाभ कमाने के बजाय सार्वजनिक भलाई के लिए काम करने वाली एक गैर-लाभकारी अनुसंधान प्रयोगशाला के रूप में अपने संस्थापक उद्देश्यों के साथ विश्वासघात किया है।

## रूपर्ट मर्डोक के अखबार ने प्रिंस हैरी से माफी मांगी: कोर्ट के बाहर समझौता

**लंदन, एजेंसी।** प्रिंस हैरी ने मीडिया मुगल रूपर्ट मर्डोक के अखबार द सन के साथ समझौता कर लिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक प्रिंस हैरी के वकील ने बुधवार को कहा कि द सन ने प्रिंस हैरी से उनकी निजी जिंदगी में दखल देने को लेकर माफी मांग ली है। इस माफीनामे के बाद प्रिंस हैरी और रूपर्ट मर्डोक के बीच लंबे समय से चल रही कानूनी लड़ाई कोर्ट में सुनवाई शुरू होने से एक दिन पहले ही सुलझ गई है। बीबीसी के मुताबिक इस समझौते से प्रिंस हैरी को 100 करोड़ से ज्यादा की रकम मुआवजे के तौर पर मिलेंगे। मर्डोक की दो न्यूज कंपनी न्यूज ऑफ द वर्ल्ड और द सन पर आरोप था कि उन्होंने 1996 से 2011 के बीच प्रिंस हैरी का फोन हैक किया, गलत तरीके से उनकी निजी जानकारियां जुटाईं। हैरी ने आरोप लगाया था कि 200 से ज्यादा बार ऐसी खबरें छापी गईं, जिसमें उनकी निजी जानकारियों का जिक्र किया गया था। अखबार ने माना है कि यह गैरकानूनी था। न्यूज ऑफ द वर्ल्ड 2011 में बंद हो गई थी। लेडी डायना के लिए भी माफी मांगी ब्रिटिश अखबार ने प्रिंस हैरी की मां लेडी डायना के निजी जीवन में किए गए घुसपैठ के लिए भी माफी मांगी है। डायना की 1997 में पेरिस में एक कार हादसे में मौत हो गई थी। हादसे से पहले कई फोटोग्राफर प्रिंस डायना की तस्वीरें लेने के लिए उनका पीछा कर रहे थे। अखबार द सन ने माफी मांगते हुए बयान जारी किया- हम ड्यूक को हुई परेशानी, उनके रिश्तों, दोस्ती और परिवार को हुए नुकसान के लिए माफी मांगते हैं और उन्हें पर्याप्त हर्जाना देने के लिए तैयार हैं। हैरी बोले- 15 साल का इंतजार खत्म हुआ द सन के साथ प्रिंस हैरी का विवाद काफी समय से चल रहा था। अखबार ने उनकी गर्लफ्रेंड से लेकर ड्रग्स लेने तक हर चीज पर रिपोटिंग की थी। प्रिंस हैरी ने अपनी मां की मौत के लिए मीडिया को ही जिम्मेदार ठहराया था। हैरी ने कहा था- उनके (मीडिया) हाथ खून से सने हैं। प्रिंस हैरी ने कहा कि वह इस ऐतिहासिक जीत से बेहत खुश हैं। 15 साल का इंतजार अब खत्म हो गया है। टॉम वॉटसन बोले- हैरी ने बड़े जानवर का शिकार किया मर्डोक की कंपनी ने पूर्व सांसद टॉम वॉटसन से भी माफी मांगी है। लेबर पार्टी के नेता वॉटसन अब हाउस ऑफ लॉर्ड्स के मेंबर हैं। वॉटसन 2009 से 2011 तक संसद में मर्डोक की न्यूज कंपनी की जांच कर रहे थे। इस दौरान ब्रिटिश अखबार ने वॉटसन की जासूसी की थी। टॉम वॉटसन ने कहा कि वे प्रिंस हैरी की 'बहादुरी और साहस' की तारीफ करते हैं।

# कैलिफोर्निया में फिर से भड़की आग: 10 हजार एकड़ इलाका जला; 50 हजार लोगों को घर छोड़ने का आदेश

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में पिछले कई हफ्तों से लगी आग एक बार फिर भड़क गई है। इस बार लॉस एंजिलिस के उत्तरी इलाके ह्यूजेस में आग लगी है। बुधवार को लगी आग से करीब 10 हजार एकड़ इलाका जल गया है। आग की वजह 50 हजार लोगों को घर छोड़ने को कहा गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, कास्टिक झील के पास लगी इस आग को बुझाने के लिए 4 हजार फायर फाइटर्स को तैनात किया गया है। यहां 48 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही हैं। सीएनएन के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैल रही है कि इससे हर 3 सेकेंड में एक फुटबॉल मैदान के बराबर इलाका जल रहा है। सैटेलाइट डेटा के मुताबिक स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 10: 45 बजे कास्टिक झील के पास हॉटस्पॉट का पता चला था। इससे पहले लॉस एंजिलिस के आसपास के दक्षिणी जंगलों में 7 जनवरी को आग लगी थी। इसमें 25 लोगों की जान चली गई थी।

**कैलिफोर्निया में पिछले 50 साल में 78 से ज्यादा बार लगी आग :** कैलिफोर्निया में कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है। यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है। हालांकि, बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले 50 सालों में कैलिफोर्निया के जंगलों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। कैलिफोर्निया में जंगलों के





पास रिहायशी इलाके बढ़े हैं। ऐसे में आग लगने पर नुकसान ज्यादा होता है। 1933 में लॉस एंजिलिस के ग्रिफिथ पार्क में लगी आग कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी आग थी। इसने करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। करीब 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरे शहरों जाना पड़ा था।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ह्यूजेस फायर नामक यह आग बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10: 30 बजे लॉस एंजिल्स शहर से लगभग 80 किमी उत्तर-पश्चिम में कास्टेइक झील के पास लेक ह्यूजेस रोड के क्षेत्र में लगी. ये आग बड़ी तेजी से फैली और डेढ़ घंटे से भी कम समय में इस क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया. मोटे सूखे पेड़ों से ईंधन मिलने तथा सांता एना की तेज हवा के कारण जंगली आग तेजी से फैली.

**इलाका खाली करने की अपील :** कास्टेइक झील क्षेत्र और निकटवर्ती दूरदराज के घाटी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को निकालने के आदेश जारी कर दिए गए. लॉस एंजिल्स काउंटी शेरिफ विभाग के रॉबर्ट जेन्सन ने आग से प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों से तुरंत जगह खाली करने को कहा है. उन्होंने कहा कि हमने पैलिसेड्स और ईटन की आग में लोगों द्वारा आदेशों का पालन न करने के कारण हुई तबाही देखी है. उन्होंने कहा, यदि आपको निकासी का आदेश दिया गया है, तो कृपया बाहर निकल जाएं. पुलिस को पड़ोस में घूमते हुए देखा गया जो आग फैलने के कारण लोगों को वहां से निकल जाने के लिए कह रही थी. फुटेज में हेलीकॉप्टरों और विमानों को आग पर पानी और आग बुझाने वाले पदार्थ गिराते हुए दिखाया गया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 | 8


उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार गौ-सेवा के लिये प्रतिबद्ध है। प्रदेश में वर्ष 2024 को गौ-संवर्धन वर्ष के रूप में मनाया गया। उन्होंने कहा कि गौ-माता सम्पूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय है।



## जनकल्याण शिविर के सभी आवेदन 25 जनवरी तक निराकृत करें

### जन कल्याण पोर्टल तथा विभागीय पोर्टल दोनों में आवेदन दर्ज करें : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के तहत लगाए गए शिविरों में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। सभी विभागीय अधिकारी आवेदन पत्रों का 25 जनवरी से पहले शत-प्रतिशत निराकरण करें। आवेदन पत्र तथा उसके निराकरण की जानकारी जनकल्याण पोर्टल एवं विभागीय पोर्टल दोनों में दर्ज करें। अभियान की अवधि समाप्त होते ही आवेदन पत्रों से संबंधित जानकारी फ्रीज हो जाएगी। उसके बाद उसमें किसी भी तरह का सुधार संभव नहीं होगा।

कलेक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आयुष्मान योजना में प्राप्त आवेदन पत्रों को जनकल्याण पोर्टल तथा विभागीय पोर्टल दोनों में दर्ज कराएं। लगभग 1500 आवेदन पत्र कार्यवाही के लिए शेष हैं। इनका निराकरण करके विभागीय पोर्टल में दर्ज कराएं। अभियान के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड भी इसमें शामिल करें। राजस्व महाभियान में नामांतरण, बंटवारा तथा नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में निराकृत किए गए हैं। इन्हें आरसीएमएस पोर्टल के साथ-साथ जनकल्याण पोर्टल पर भी दर्ज कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि आयुक्त नगर निगम स्वनिधि योजना में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कराएं। साथ ही सभी नगर परिषदों में विभिन्न योजनाओं में दर्ज आवेदनों का निराकरण कराकर उनकी जानकारी पोर्टल में दर्ज करें। भवन अनुज्ञा, जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी आवेदनों का भी शत-प्रतिशत निराकरण करें। उप संचालक कृषि तथा उप संचालक पशुपालन एवं सहायक संचालक उद्यानिकी स्वरोजगार योजनाओं के संबंध में प्राप्त आवेदनों को बैंकों के माध्यम से स्वीकृत कराकर उनकी ऑनलाइन जानकारी दर्ज करें। अग्रणी बैंक प्रबंधक जीवन ज्योति बीमा योजना में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण कराएं। श्रम विभाग में मजदूरों के संबल योजना में पंजीयन से संबंधित 5658 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इन सभी का निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी ने जनकल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की विभागवार जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने राजस्व विभाग के प्रकरणों के निराकरण की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन, जिला परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश सरकार गौ-सेवा के लिये प्रतिबद्ध : उप मुख्यमंत्री

**कामधेनु गौ-अभयारण्य सालरिया, सुसनेर में वेदलक्षणा महा-महोत्सव और गौ-कथा में हुए सम्मिलित**

**अभयारण्य की व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार गौ-सेवा के लिये प्रतिबद्ध है। प्रदेश में वर्ष 2024 को गौ-संवर्धन वर्ष के रूप में मनाया गया। उन्होंने कहा कि गौ-माता सम्पूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय है। मानव जाति के कल्याण के लिए गौमाता की रक्षा करना होगी, हमें गौ-माता को निराश्रित नहीं रहने देना है। उन्होंने आह्वान किया कि हर घर में गौ-माता का पालन कर गोकुल बनायें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल आगर-मालवा जिले के कामधेनु गौ-अभयारण्य सालरिया में चल रहे एक वर्षीय वेदलक्षणा गौ-आराधना महोत्सव अंतर्गत गौ-कथा में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गौ-अभयारण्य में चल रहे इतने वृहद स्तर के महोत्सव ने गौ-संवर्धन वर्ष को चरितार्थ किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गौ-अभयारण्य सभाकक्ष में अभयारण्य की व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं के बारे मे चर्चा की। उन्होंने अभयारण्य की व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सालरिया को मॉडल अभयारण्य बनाने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सालय के लिए रीवा क्षेत्र में भूमि आवंटन सरकार द्वारा किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गौ-शेड में जाकर गौवंशों के पालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और गौ-माताओं का पूजन किया तथा पौष्टिक आहार के रूप में गुड़ खिलाया। विधायक श्री मधु गहलोत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन शुरू

### किसानों से 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा गेंहू का उपार्जन

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन शुरू हो गया है। पंजीयन 31 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक सीबीएस जादौन ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए 58 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है।

## कलेक्टर मऊगंज ने फाइलेरिया अभियान के लिए तैनात किए अधिकारी

### मऊगंज में फाइलेरिया नियंत्रण अभियान 10 से 25 फरवरी तक

**रीवा।** मऊगंज जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले के हनुमना ब्लाक में दो साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया नियंत्रण की दवा खिलाई जाएगी। अभियान के तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्व के अनुसार कार्य करते हुए दो साल तक के सभी व्यक्तियों को 10 फरवरी से 14 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएं। यह दवा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी खिलाएंगे। उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा वन विभाग के कर्मचारी सहयोग करेंगे। किसी भी व्यक्ति को खाली पेट दवा न दें। नाश्ता अथवा हल्का भोजन करने के बाद ही दवा दें। गर्भवती महिलाओं, दो साल से कम आयु के बच्चों तथा गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों को भी दवा न खिलाएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम हनुमना तथा बीएमओ हनुमना अभियान के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चिन्हित जनसंख्या के अनुपात में दवाएं उपलब्ध कराएं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम चक्र में 10 से 14 फरवरी तक चिन्हित व्यक्तियों को दवा खिलाने का प्रयास करें। जो व्यक्ति दवा खाने से छूट जाते हैं उन्हें घर-घर जाकर दवा खिलाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दवा खिलाने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात करें। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव ने अभियान के तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दवा खिलाने के लिए प्रत्येक ग्राम और नगरीय निकाय के वार्ड के लिए दल तैनात कर दिए गए हैं।

दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। दवा खाने के बाद यदि किसी व्यक्ति को किसी तरह की तकलीफ होती है तो उसके उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र हनुमना में दल तैनात रहेगा। सूचना मिलते ही दल तत्काल समुचित उपचार सुनिश्चित करेगा। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन 28 जनवरी तक आमंत्रित किये गये है। प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र शा. ज्ञानोदय विद्यालय अनुसूचित जाति कल्याण विभाग परिसर से प्राप्त की जा सकती है।

## हनुमना में मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला आज

**रीवा।** मऊगंज जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जाएगा। अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए सिविल अस्पताल हनुमना में 24 जनवरी को दोपहर 2 बजे से मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव ने कार्यशाला में मीडिया प्रतिनिधियों से उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

## राजस्व महाभियान में नक्शा सुधार के 175113 प्रकरण हुए निराकृत

**रीवा।** जिले की सभी तहसीलों में 15 नवम्बर से राजस्व महाभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण के साथ-साथ अन्य राजस्व प्रकरण भी निराकृत किए जा रहे हैं। अब तक नक्शा सुधार के एक लाख 75 हजार 113 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। हर सप्ताह औसतन 10 हजार प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने बताया कि तहसील हुजूर में 28535, गुढ़ में 14505, त्योंथर मंन 24446, रायपुर कर्चुलियान में 10532, जवा में 18955, सिरमौर में 22963, हुजूर नगर तहसील में 11753, सेमरिया में 16739 तथा मनगवां तहसील में 26685 नक्शे में सुधार के प्रकरण निराकृत किए गए हैं।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को, अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

**रीवा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को किया जायेगा। शासकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में जिला स्तरीय 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस को प्रातः 10 बजे से समारोह पूर्वक संपन्न कराने के लिये कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं।

कार्यक्रम आयोजन के लिये प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय देवाशीष बनर्जी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वैशाली जैन एसडीएम हुजूर को नवीन मतदाताओं एवं बीएलओं को उपस्थित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही अन्य विभागीय अधिकारियों को विभिन्न दायित्व भी सौंपे गये हैं।

## किसान सम्मान निधि के लिए 83846 फार्मर रजिस्ट्री पूरी

**रीवा**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में कुल एक लाख 92 हजार 495 किसान दर्ज हैं। राजस्व महाभियान के दौरान इन दर्ज किसानों में से 91191 किसानों की आईडी अपडेशन करके 83846 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराई गई है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने बताया तक राजस्व महाभियान के दौरान एक लाख 85 हजार 150 किसानों की ई केवाईसी दर्ज की की गई। उन्होंने बताया कि तहसील त्योंथर में 15825, रायपुर कर्चुलियान में 6854, जवा में 12480, गुढ़ में 7824, हुजूर में 6922, सेमरिया में 10227, हुजूर नगर तहसील में 2543, मनगवां में 11365 तथा सिरमौर तहसील में 9786 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री राजस्व महाभियान में बनाई गई है। सभी तहसीलों में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य लगातार जारी है। इसके माध्यम से ही किसान सम्मान निधि तथा किसान कल्याण योजना की राशि प्राप्त होगी।

## पत्रकार महासंघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने सचिन



**रीवा।** समाज के चौथे स्तंभ के हितों एवं अधिकारों की रक्षा हेतु सतत संघर्षरत देश का इकलौता सशक्त संगठन भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ अपने रजत जयंती वर्ष 2025 को विशेष पर्व के रूप में मना रहा है। इसी तारतम्य में वर्ष 2025 की विभिन्न इकाइयों का पुनर्गठन व शपथ ग्रहण कार्यक्रम लगातार जरी हैं। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुनेश्वर प्रसाद मिश्र एवं राष्ट्रीय संयोजक डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय ने स्वतंत्र पत्रकार पंडित सचिन शर्मा सूर्या को राष्ट्रीय कार्य समिति के अनुमोदन पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ मध्यप्रदेश युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है एवं पत्रकार महासंघ को मध्यप्रदेश में सशक्त बनाने की अपेक्षा की है। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा ने इस नियुक्त पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि पंडित सचिन शर्मा सूर्या को युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन को मध्यप्रदेश में एक नई ऊर्जा के साथ गति मिलेगी। जो पुराने पत्रकार साथी कुछ इधर-उधर भटक गए हैं उन्हें पुनः संगठन में वापस लाकर जोड़ने में श्री सूर्या अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे यही अपेक्षा है। उल्लेखनीय है की पंडित सचिन शर्मा सूर्या विंध्य के क्रांतिकारी पत्रकार के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और राष्ट्रीय मीडिया सम्राट समाचार पत्र के प्रधान संपादक के रूप में मीडिया के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं। जिन्हें प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विभिन्न संस्थानों में कार्य करने का अनुभव प्राप्त है। स्वतंत्र पत्रकार पंडित सचिन शर्मा सूर्या वर्ष 2024 में भी भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ युवा प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व निभा चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर पंडित सचिन शर्मा सूर्या ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के साथ ही मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा,प्रांतीय सचिव संजय तिवारी व प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिलीप त्रिपाठी के प्रति आभार प्रकट किया है।

## उपार्जित धान का दो दिन में शत-प्रतिशत भण्डारण कराएं

### किसानों को उपार्जित धान का शेष भुगतान तीन दिवस में कराएं : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने धान उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि 23 जनवरी धान उपार्जन की अंतिम तिथि है। जिन केन्द्रों में खरीदी पूरी हो गई है उन्हें बंद कराएं। खरीदी केन्द्रों में उपार्जित धान का दो दिवस में परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। तकनीकी कारणों अथवा बैंक खाते में कठिनाई के कारण किसानों को भुगतान के जो ट्रांजेक्शन फेल हुए हैं उनमें तीन दिवस में सुधार कराकर शेष राशि का भुगतान कराएं। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम उपार्जन से शेष बचे बारदानों का समितियों से उठाव कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। धान उपार्जन में अनियमितता करने वालों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें। सोहागी खरीदी केन्द्र से संबंधित जाँच 15 दिवस में पूरी करके दोषियों पर समुचित कार्यवाही करें।

बैठक में कलेक्टर ने खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि अतिरिक्त वाहन तैनात करके उचित मूल्य दुकानों के लिए आवंटित खाद्यान्न का समय पर परिवहन कराएं। उचित मूल्य दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करके पात्र हितग्राहियों को हर माह खाद्यान्न वितरित कराएं। खाद्यान्न वितरण में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। डभौरा में खाद्यान्न भण्डारण केन्द्र बनाने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। इसका व्यवस्थित वितरण कराएं। कलेक्टर ने फोन के माध्यम से एसडीएम जवा को खाद वितरण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सीबीएस जादौन ने बताया कि धान उपार्जन में अब तक किसानों के खाते में 651 करोड़ रुपए पहुंच चुके हैं। अब तक 738 करोड़ रुपए के स्वीकृति पत्रक जारी कर दिए गए हैं। शेष धान का भण्डारण होते ही स्वीकृति पत्रक जारी कराकर तीन दिवस में भुगतान कर दिया जाएगा। बैठक में महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि फेल ट्रांजेक्शन की राशि पुनः जारी करने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। बैठक में जिला प्रबंधक विपणन संघ श्रीमती शिखा वर्मा ने बताया कि सभी सहकारी समितियों में तथा डबल लाक केन्द्रों में खाद उपलब्ध है। जिले में 27 जनवरी तक खाद की दो और रैक पहुंच रही है।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833